CMYK



जम्मू-कश्मीर में खराब मौसम के कारण वैष्णो देवी यात्रा फिर स्थगित, तेज बारिश और भूस्खलन

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# लोक शक्ति



पलामू में सुरक्षाबलों और टीपीसी नक्सलियों के बीच मुठभेड़, 5 लाख का इनामी ढेर

RNI Regn. No.7789/1964 | वर्ष-61 > अंक - 260 | रायपुर | सोमवार 15 सितंबर 2025 विक्रम संवत 2082 | पृष्ठ 8 > मूल्य : 2 रू. | डाक पंजीयन : C.G./RYP DN/71/2023-25

### असम के दरांग जिले में 18,530 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास

# शिव का भक्त हूं, सारा जहर निगल लेता हूं

एजेंसी

**दरांग ,**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को असम के दरांग जिले में 18,530 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मां कामाख्या के आशीर्वाद से ऑपरेशन सिंदूर बहुत बड़ी सफलता थी और मुझे यहां आकर काफी खुशी हो रही है।

प्रधानमंत्री मोदी ने दरांग में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, ऑपरेशन सिंदूर के बाद मेरा असम का पहला दौरा है। मां कामाख्या के आशीर्वाद से ऑपरेशन सिंदूर बहुत बड़ी सफलता थी। आज मां कामाख्या की इस धरती पर आकर मुझे एक अलग ही पवित्र अनुभूति हो रही है और ये भी सोने पे सुहागा है कि आज इस क्षेत्र में जन्माष्टमी मनाई जा रही है। लाल किले से मैंने कहा था, मुझे चक्रधारी मोहन याद आए। मुझे श्री कृष्ण याद आए और मैंने भविष्य की सुरक्षा नीति में एक सुदर्शन चक्र का विचार लोगों के सामने रखा है।

पीएम मोदी ने कहा, हम भारत रत्न सुधाकंठा भूपेन हजारिका का जन्मदिन पहले ही मना चुके हैं। एक दिन पहले मुझे उनके सम्मान में आयोजित एक बहुत बड़े कार्यक्रम का हिस्सा बनने का अवसर मिला। मुख्यमंत्री ने मुझे कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष का एक वीडियो दिखाया और इसे देखकर मुझे बहुत दुख हुआ। जिस दिन भारत सरकार ने इस देश के महान सपूत, असम के गौरव, भूपेन हजारिका को भारत रत्न दिया, कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष ने कहा था कि मोदी नाचने-गाने वालों को भारत रत्न दे रहे हैं। 1962 में चीन के साथ युद्ध के बाद पंडित नेहरू ने जो कहा, उससे उत्तर पूर्व के लोगों के घाव आज भी नहीं भरे हैं। उन्होंने भूपेन हजारिका का जिक्र करते हुए कहा, मुझे कितनी ही गालियां दें, मैं भगवान शिव का भक्त हूं, सारा जहर निगल लेता हूं। लेकिन, जब किसी और का अपमान होता है, तो मैं इसे बर्दाश्त नहीं कर सकता। आप लोग मुझे बताएं कि क्या भूपेन दा को भारत रत्न से सम्मानित करने का मेरा निर्णय सही है या गलत? क्या कांग्रेस पार्टी द्वारा उन्हें भारत रत्न से सम्मानित करने के लिए किया गया अपमान सही है या गलत?

उन्होंने आगे कहा, पूरा देश आज विकसित भारत के निर्माण के लिए एकजुट होकर आगे बढ़ रहा है, खासतौर पर हमारे जो नौजवान साथी हैं। उनके लिए विकसित भारत सपना भी है और संकल्प भी है। इस संकल्प की सिद्धि में हमारे नॉर्थ ईस्ट की बहुत बड़ी भूमिका है।



**अब असम में बांस से बनेगा एथेनॉल' - पीएम मोदी बोले- आत्मनिर्भर भारत अभियान का केंद्र है पूर्वोत्तर**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को असम में नुमालीगढ़ रिफ़ाइनरी लिमिटेड (एनआरएल) में असम बायो एथेनॉल संयंत्र का उद्घाटन किया और नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड (एनआरएल) में पॉलीप्रोपाइलीन संयंत्र की आधारशिला भी रखी। पीएम मोदी ने कहा कि आज यहां बांस से एथेनॉल बनाने की शुरुआत हुई है। इसका असम के लोगों को फ़ायदा होगा। सरकार यहां के किसानों को बांस की खेती करने में मदद करेगी और खरीदी भी करेगी। असम और पूर्वोत्तर आत्मनिर्भर भारत अभियान का केंद्र है।

## पंजाब बॉर्डर पर बीएसएफ का बड़ा एक्शन - 3 तस्कर गिरफ्तार, हेरोइन और ड्रोन बरामद

**चंडीगढ़ एजेंसी।** पंजाब के सीमावर्ती इलाकों में नशे और ड्रोन तस्करी पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर 3 तस्करों को गिरफ्तार किया, साथ ही ड्रोन और बड़ी मात्रा में हेरोइन भी जब्त की है। यह ऑपरेशन अमृतसर, तरनतारन और फिरोजपुर सेक्टरों में किए गए, जिनमें बीएसएफ जवानों ने सटीक खुफिया जानकारी पर त्वरित कार्रवाई की। इस बात की जानकारी बीएसएफ पंजाब फ्रंटियर ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल के जरिए दी।

अमृतसर जिले में गांव रत्तनखुर्द के पास संदिग्ध ड्रोन गतिविधि देखी गई। बीएसएफ जवानों ने तत्काल इलाके को घेरते हुए तलाशी अभियान चलाया, जिसमें 590 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। इसके कुछ घंटे बाद, तरनतारन जिले के गांव कलसियां के पास एक तस्कर को 560 ग्राम हेरोइन के साथ रंगे हाथ पकड़ा गया। इसके अलावा, नौशेरा धल्ला इलाके में 600 ग्राम हेरोइन जमीन में छिपाई गई हालत में मिली, जिसे जवानों ने जब्त कर लिया।

### पीएम मोदी ने दी 'स्वदेशी' की नई परिभाषा,

## कंपनी विदेशी हो चाहे, खरीदें वही सामान जिसमें हो 'भारत की मिट्टी की महक



गुवाहाटी एजेंसी

आगामी त्योहारों का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने लोगों से एक वादा मांगा। उन्होंने कहा, आप जो भी खरीदेंगे वो स्वदेशी होगा, मेड इन इंडिया खरीदेंगे। उन्होंने अपनी 'स्वदेशी' की व्याख्या को स्पष्ट करते हुए कहा, कंपनी किसी भी देश से आई हो, नाम किसी भी देश का क्यों न हो, लेकिन सामान वो ही खरीदें जो हिंदुस्तान में बना हो। उसमें मेरे भारत की मिट्टी की महक होनी चाहिए और मेरे देश के नौजवानों का पसीना होना चाहिए। पीएम मोदी ने असम के विकास की सराहना करते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार की साझा कोशिशों से आज असम देश और दुनिया में धूम मचा रहा है। उन्होंने कहा, एक वक्त था जब असम काफी पीछे था,



लेकिन आज असम 13 प्रतिशत की ग्रोथ रेट से आगे बढ़ रहा है। बीजेपी सरकार असम को भारत के विकास का ग्रोथ इंजन बनाने के लक्ष्य के साथ काम कर रही है। पीएम ने कहा कि कांग्रेस ने 60-65 सालों में ब्रह्मपुत्र पर सिर्फ तीन पुल बनाए, जबकि उनकी सरकार ने एक दशक में 6 बड़े ब्रिज बनाए हैं, जो 2047 के विकसित भारत की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाए जा रहे हैं।

## भारत में महिला पायलटों की संख्या बढ़ रही है : सिंधिया

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शनिवार को कहा कि भारत दुनिया के उन गिने-चुने देशों में शामिल है जहां महिला पायलटों की संख्या बढ़ रही है। उन्होंने इसे क्रांतिकारी बदलाव का संकेत बताया।

केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि जहां अमेरिका और यूरोप जैसे विकसित देशों में महिला पायलट अपेक्षाकृत कम हैं, वहीं भारत में 15 प्रतिशत पायलट महिलाएं हैं। वह यहां एक डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र भवन की आधारशिला रखने और सुकन्या समृद्धि




योजना के तहत 38 लड़कियों को पासबुक वितरित करने के बाद एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। आगामी डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र का जिक्र करते हुए, उन्होंने कहा कि मुरैना और श्योपुर ज़िलों के साथ-साथ पड़ोसी राजस्थान और उत्तर प्रदेश के निवासियों को पहले पासपोर्ट सेवाओं के लिए ग्वालियर, गुना, भोपाल या दिल्ली जाना पड़ता था लेकिन अब यह सुविधा मुरैना में ही उपलब्ध होगी।

## नेता निजी अहंकार त्याग बिहार में राजग की जीत करें सुनिश्चित : नड्डा

बिहार संवाददाता।

विधानसभा चुनाव तैयारियों की संगठनात्मक समीक्षा करने पटना पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अपनी पार्टी के नेताओं से अपील की कि वे व्यक्तिगत अहंकार को त्याग कर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की जीत को सर्वोपरि रखें। राजकीय अतिथिशाला में नड्डा ने बिहार भाजपा के शीर्ष नेताओं, नीतीश सरकार में भाजपा कोटे के मंत्रियों और प्रदेश पदाधिकारियों के साथ बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों, विधानसभावार सम्मेलन आदि बिंदुओं पर चर्चा की। उन्होंने सामाजिक पकड़ मजबूत बनाने के साथ ही राजग के बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय बनाने पर बल दिया। बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री बी एल संतोष, प्रदेश अध्यक्ष दिलीप



जायसवाल, उपमुख्यमंत्री द्वय सम्राट चौधरी एवं विजय सिन्हा, पूर्व भाजपा अध्यक्ष एवं स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, नित्यानंद राय चुनाव समिति एवं कोर ग्रुप के सचिव प्रेम रंजन पटेल तथा अन्य वरिष्ठ नेता सम्मिलित हुए।

नड्डा ने विपक्षी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) का नया नामाकरण किया। उन्होंने राजद का मतलब समझते हुए कहा कि 'रा' का मतलब 'रंगदारी', 'ज' का मतलब 'जंगलराज' और 'द' का मतलब 'दादागिरी' है।

उन्होंने कहा कि आज मोदी और नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार के लोग विकास देख रहे हैं। केंदीय मंत्री ने कहा,'' 2005 से पहले बिहार की स्थिति क्या थी और आज क्या है। 2005 से पहले तुष्टिकरण, भ्रष्टाचार और सत्ता समर्थित अपराध की राजनीति थी। आज राजग सरकार के नेतृत्व में बिहार विकास के पथ पर अग्रसर है।''

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम आज 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आ गए हैं तथा इस तरह अत्यधिक गरीबी में 80 प्रतिशत की कमी आई है। उन्होंने कहा, ÷मोदी ने 14 करोड़ से अधिक घरों में नल के माध्यम से पानी और चार करोड़ से अधिक गरीब लोगों को आवास प्रदान किया है।

## डिंपल यादव सहित 151 यात्री थे सवार- लखनऊ एयरपोर्ट पर टेकऑफ के वक्त पायलट ने लगाया इमरजेंसी ब्रेक

**लखनऊ एजेंसी।** लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शनिवार सुबह एक बड़ा विमान हादसा टल गया। दिल्ली के लिए उड़ान भरने जा रही इंडिगो की फ्लाइट टेकऑफ से ठीक पहले तकनीकी खराबी का शिकार हो गई, जिसके चलते पायलट को रनवे पर ही इमरजेंसी ब्रेक लगाने पड़े। फ्लाइट में समाजवादी पार्टी की सांसद डिंपल यादव सहित कुल 151 यात्री सवार थे। सूत्रों के मुताबिक, सुबह करीब 10ः55 बजे फ्लाइट जब रनवे पर तेज गति से दौड़ रही थी, तभी पायलट ने तकनीकी गड़बड़ी महसूस की। रनवे के अंतिम छोर तक पहुंचने से पहले ही पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए इमरजेंसी ब्रेक लगाकर विमान को रोक दिया।

## मेरे दिमाग की कीमत 200 करोड़ महीना, मैं दलाल नहीं, विरोधियों पर बरसे मंत्री गडकरी

नागपुर एजेंसी

इथेनॉल नीति को लेकर हो रही आलोचनाओं का केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बेहद तीखे अंदाज में जवाब दिया है। नागपुर में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने विरोधियों पर निशाना साधते हुए कहा, मेरा दिमाग ही हर महीने 200 करोड़ की कीमत का है। मेरे पास पैसे की कोई कमी नहीं है और मैं कभी नीचे नहीं गिर सकता। एग्रीकोज वेलफेयर सोसाइटी के एक कार्यक्रम में बोलते हुए गडकरी ने स्पष्ट किया कि इथेनॉल को बढ़ावा देने के उनके प्रयासों का कमाई से कोई



लेना-देना नहीं है, बल्कि यह पूरी तरह से किसानों के हित में है। उन्होंने कहा, आपको क्या लगता है कि ये सब मैं पैसे के लिए कर रहा हूं? मैं कोई दलाल नहीं हूं, ईमानदारी से कमाना जानता हूं। गडकरी ने कुछ राजनेताओं पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वे लोगों को लड़ाकर फायदा उठाते हैं, लेकिन वह उनमें से नहीं हैं।

विदर्भ में किसानों की आत्महत्या को एक शर्मनाक सच्चाई बताते हुए गडकरी भावुक हो गए। उन्होंने कहा, मेरा भी घर-परिवार है। मैं कोई संत नहीं हूं। मुझे हमेशा लगता है कि विदर्भ में 10 हजार किसानों की आत्महत्या शर्म की बात है। जब तक हमारे किसान समृद्ध नहीं हो जाते, हम अपने प्रयास कम नहीं करेंगे।

अपने बेटे की कंपनी को लेकर लग रहे आरोपों पर सफाई देते हुए गडकरी ने कहा कि वह केवल आइडिया देने का काम करते हैं। उन्होंने बताया कि उनका बेटा आयात-निर्यात का व्यापार करता है और कृषि क्षेत्र में नए अवसर पैदा कर रहा है।

**विश्व** | **नहीं सुधरेगा ये पाकिस्तान!**

## ऑपरेशन सिंदूर में तबाह हुए लश्कर मुख्यालय का रिनोवेशन शुरू; करोड़ों रुपये दिए

**इस्लामाबाद एजेंसी।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तान में ऑपरेशन सिंदूर चलाया था। 7 मई की रात भारतीय सेना के मिराज लड़ाकू विमानों ने सीमा पार कर आतंकी ठिकानों पर बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान पंजाब के मुरीदके स्थित लश्कर-ए-तैयबा (LeT) का मुख्यालय मरकज तैयबा भी पूरी तरह तबाह कर दिया गया था। अब पाकिस्तान इसी आतंक अड्डे को दोबारा खड़ा करने की तैयारी कर रहा है। भारतीय खुफिया एजेंसियों के अनुसार, पिछले महीने मरकज तैयबा के पुनर्निर्माण के लिए कई भारी मशीनें मुरीदके पहुंचाई गईं। 4 सितंबर को यहां स्थित उम्म उल कुरा नामक पीला ब्लॉक ढहा दिया गया और तीन दिन बाद





लाल रंग की इमारत को भी गिरा दिया गया। सूत्रों के मुताबिक पाकिस्तान 5 फरवरी 2026 को कश्मीर एकजुटता दिवस के मौके पर लश्कर के नए मुख्यालय का उद्घाटन कर सकता है। इससे पहले इमारत के पुनर्निर्माण का लक्ष्य रखा गया है। नया परिसर आतंकियों की ट्रेनिंग, ब्रेनवॉश और आतंकी गतिविधियों की योजना बनाने का अड्डा बनेगा।

**लश्कर सरगनाओं को जिम्मेदारी**

मरकज तैयबा के पुनर्निर्माण का जिम्मा मौलाना अबू जार और उस्ताद उल मुजाहिद्दीन को सौंपा गया है। वहीं, कमांडर युनूस बुखारी को परिचालन निरीक्षण का काम मिला है। खुफिया जानकारी के अनुसार, अगस्त में पाकिस्तानी सरकार ने लश्कर को 4 करोड़ रुपये की आर्थिक मदद दी। पूरे पुनर्निर्माण पर लगभग 15 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। यह पाकिस्तान के आतंकवाद पर दोहरे रवैये को उजागर करता है।

**राहत कार्यों के बहाने फंडिंग**

इस समय पाकिस्तान के कई इलाके बाढ़ से जूझ रहे हैं। लश्कर-ए-तैयबा राहत कार्यों के नाम पर धन जुटा रहा है और इसका बड़ा हिस्सा मुरीदके भेजा जा रहा है। इससे पहले भी 2005 में आए भूकंप के दौरान लश्कर ने मानवीय मदद के नाम पर अरबों डॉलर जुटाए थे, जिनमें से 80 प्रतिशत रकम अपने पास रख ली और इन्हीं पैसों से मुरीदके मुख्यालय और कोटली में मरकज अब्बास का निर्माण किया गया था।

# नेपाल प्रदर्शन में जान गंवाने वालों को 'शहीद' मिला दर्जा

एजेंसी -

### नेपाल में पदभार संभालते ही पीएम सुशीला कार्की का ऐलान

**काठमांडू ,।** नेपाल की अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने रविवार को औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण किया। पदभार संभालते ही उन्होंने जेन-जी आंदोलन के दौरान मारे गए लोगों को 'शहीद' का दर्जा और उनके आश्रितों को 10-10 लाख रुपए मुआवजा देने की घोषणा की। भ्रष्टाचार और सोशल मीडिया पर बैन के फैसले के विरोध में हुए आंदोलन के बाद राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने शुक्रवार को पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की को देश की अंतरिम प्रधानमंत्री के रूप में शपथ दिलाई थी। सुशीला कार्की ने शपथ ग्रहण के दो दिन बाद कार्यभार संभाला। उन्होंने रविवार सुबह लैंचौर स्थित शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित कर अपने



कार्यकाल की शुरुआत की, जिसके बाद वे सिंह दरबार गईं। उन्होंने गृह मंत्रालय के भवन से अपने आधिकारिक कर्तव्यों का निर्वहन शुरू किया, क्योंकि पिछले मंगलवार को हिंसक प्रदर्शनों और आगजनी से मुख्य परिसर क्षतिग्रस्त हो गया था। इसके बाद प्रधानमंत्री कार्यालय को स्थानांतरित कर दिया गया था।

कार्यभार संभालते ही प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने नेपाल में हुए हिंसक प्रदर्शनों के पीड़ितों को तत्काल राहत प्रदान की। मुख्य सचिव एकनारायण आर्यल ने कहा है कि विरोध प्रदर्शनों के दौरान मारे गए लोगों को 'शहीद' माना जाएगा और उनके परिवारों को 10-10 लाख रुपए की वित्तीय सहायता दी जाएगी। काठमांडू पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, सरकार ने 134 घायल प्रदर्शनकारियों और 57 घायल पुलिसकर्मियों के चिकित्सा उपचार की घोषणा की है। एक रिपोर्ट के अनुसार, मंत्रालयों को विरोध प्रदर्शनों के दौरान हुए नुकसान का विस्तृत विवरण देने वाली रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया गया है। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, नेपाल में हुए विरोध प्रदर्शनों में 72 लोगों ने जान गंवाई है, जिनमें 59 प्रदर्शनकारी, 10 कैदी और तीन पुलिस अधिकारी शामिल हैं। राष्ट्रपति पौडेल ने शनिवार को राष्ट्र को संबोधित किया। उन्होंने सभी पक्षों से अगले साल 5 मार्च को होने वाले प्रतिनिधि सभा के चुनावों को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में सहयोग करने का आग्रह किया। उनकी यह टिप्पणी शुक्रवार आधी रात को निचले सदन के भंग होने के बाद प्रमुख राजनीतिक दलों की बढ़ती आलोचना के बीच आई। इस कदम को व्यापक रूप से जेन-जी आंदोलन की प्रमुख मांगों में से एक के रूप में देखा जा रहा है। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि मौजूदा संसद भ्रष्टाचार में डूबी हुई है और वास्तविक सुधार करने में असमर्थ है। कार्की की सिफारिश पर अमल करते हुए निचले सदन को भंग कर दिया गया था।

## लंदन में 1 लाख लोग सड़कों पर उतरे, अवैध प्रवासी मुद्दे पर किया प्रदर्शन; पुलिसकर्मियों से हुई हाथापाई

**लंदन ,** ब्रिटेन की राजधानी लंदन में 'यूनाइट द किंगडम' नामक एक विशाल विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया, जिसमें 1 लाख से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। यह रैली अवैध अप्रवासन के विरोध में आयोजित की गई थी और इसे दक्षिणपंथी विचारधारा का अब तक का सबसे बड़ा सार्वजनिक प्रदर्शन माना जा रहा है। इस आंदोलन का नेतृत्व विवादित एंटी-इमिग्रेशन नेता टॉमी रॉबिन्सन ने किया। इस प्रदर्शन की खास बात यह रही कि दुनिया के सबसे अमीर व्यक्तियों में शुमार और टेस्ला तथा एक्स (पूर्व ट्विटर) के मालिक एलन मस्क भी वीडियो लिंक के माध्यम से इसमें शामिल हुए। ब्रिटिश मीडिया 'द इंडिपेंडेंट' के अनुसार, मस्क ने टॉमी रॉबिन्सन से बातचीत करते हुए कहा, ÷हिंसा तुम्हारे पास आ रही है। या तो लड़ो या मरो। उन्होंने ब्रिटेन की मौजूदा सरकार को हटाने और संसद भंग करने की मांग भी की। प्रदर्शन के दौरान जब लंदन की सड़कों पर तनाव और झड़पें हो रही थीं, उस वक्त ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर अपने बेटे के साथ लंदन के एमिरेट्स स्टेडियम में फुटबॉल मैच देख रहे थे। इसको लेकर सरकार की आलोचना भी हो रही है।

'यूनाइट द किंगडम' आंदोलन का उद्देश्य ब्रिटेन में हो रहे अवैध अप्रवासन के खिलाफ आवाज उठाना था। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि अवैध रूप से देश में प्रवेश कर रहे प्रवासियों को बाहर निकाला जाए। आंकड़ों के मुताबिक, इस साल अब तक 28,000 से अधिक प्रवासी इंग्लिश चैनल पार कर नावों के जरिए ब्रिटेन पहुंचे हैं, जिसे लेकर देश में चिंताएं बढ़ रही हैं।

CMYK

# बरदर पंचायत में महिला सशक्तिकरण अभियान का हुआ भव्य समापन

### संकल्प एचईवी के अंतिम कार्यक्रम में महिलाओं और बालिकाओं को दिया गया अधिकारों और सुरक्षा का प्रशिक्षण




**एमसीबी।** जिले में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए जिला महिला सशक्तिकरण केंद्र (हब) महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा भारत सरकार की महत्त्वाकांक्षी योजना संकल्प एचईवी के अंतर्गत महिला केंद्रित विषयों पर 10 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान और अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता सप्ताह का सफ्लतापूर्वक आयोजन किया गया। यह अभियान 2 सितम्बर से 12 सितम्बर 2025 तक जिले के विभिन्न ग्रामों और विद्यालयों में संचालित हुआ, जिसने महिलाओं और बालिकाओं को न केवल उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित भी किया। इस अभियान को जिला कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के आदेशानुसार, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार खाती के मार्गदर्शन में तथा जिला मिशन समन्वयक श्रीमती तारा कुशवाहा के नेतृत्व में संचालित किया गया। अभियान के अंतिम दिन खड़गवां परियोजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत बरदर में आयोजित विशेष कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं और विद्यालय की छात्राएँ शामिल हुईं। कार्यक्रम की शुरुआत एक प्रेरणादायक वातावरण में हुई जहां उपस्थित जनसमूह को सबसे पहले क्च्क्क्लृञ्ज्र ८ष्ठ यानी गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व लिंग निर्धारण प्रतिबंध अधिनियम की विस्तृत जानकारी दी गई। बताया गया कि भ्रूण लिंग परीक्षण कानूनन अपराध है और इस पर कड़ी सजा का प्रावधान है। इसके साथ ही महिलाओं को उनके बुनियादी कानूनी अधिकारों से अवगत कराया गया और यह बताया गया कि वे कैसे अपने अधिकारों का उपयोग कर अपने जीवन को सुरक्षित और सम्मानजनक बना सकती हैं।

इसके पश्चात महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी विस्तारपूर्वक दी गई। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के माध्यम से कन्या भ्रूण हत्या पर रोक और बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने की बात की गई। महिला हेल्पलाइन 181 और चाइल्डलाइन 1098 जैसी हेल्पलाइन सेवाओं के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा गया कि इन नंबरों पर कभी भी संकट की घड़ी में सहायता प्राप्त की जा सकती है। सखी वन स्टॉप सेंटर की भूमिका को रेखांकित करते हुए यह बताया गया कि यह केंद्र घरेलू हिंसा, उत्पीड़न या किसी अन्य प्रकार की परेशानी का सामना कर रही महिलाओं के लिए सुरक्षा और सहारा प्रदान करता है। इसके साथ ही नोनी सुरक्षा योजना, छत्तीसगढ़ महिला कोष, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम और बालिका सुरक्षा योजनाएं भी समझाई गईं, जो महिलाओं और बालिकाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक सहायता और सुरक्षा उपलब्ध कराती हैं। कार्यक्रम में यह भी विशेष रूप से बताया गया कि बाल विवाह समाज के लिए कितनी हानिकारक प्रथा है और इससे न केवल बालिकाओं का बचपन छीना जाता है बल्कि उनके स्वास्थ्य और भविष्य पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उपस्थित बालिकाओं को विशेष रूप से साइबर अपराध और उसके दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया।

## प्रधानमंत्री के जन्मदिवस, सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाने के लिए कई भाजपा पदाधिकारियों की बैठक

### राजधानी के प्रमुख स्थलों में विकास एवं निर्माण कार्यों की सचित्र प्रदर्शनी लगाई जाएगी

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को पखवाड़ा दिवस के रूप में मनाने के लिए भाजपा के पदाधिकारी की आवश्यक बैठक हुई जिसमें राजधानी रायपुर में प्रधानमंत्री द्वारा समाज के कमजोर निम्न वर्ग किसानों तथा विष्णुदेव सरकार द्वारा महतारी वंदन सहित अन्य जनकल्याण कारी योजनाओं सहित सचित्र प्रदर्शनी लगाई जाएगी। ताकि लोगों को भाजपा के नीतियों एवं आदर्शों पर विश्वास हो सके। भाजपा के कार्यालय मंत्री से मिली जानकारी के अनुसार राजधानी रायपुर में आज भाजपा के कार्यालय पदाधिकारियों की बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी जिलों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिवस सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जाएगा। 17 सितंबर से लेकर दो अक्टूबर तक यह पखवाड़ा मनाया जाएगा। इस अवसर पर रैली प्रदर्शनी तथा अन्य सामाजिक कार्य किये जाएंगे। आज भाजपा के पदाधिकारियों ने कई जगहों का अवलोकन किया यहां पर मोदी के विकास एवं निर्माण कार्यों की सचित्र प्रदर्शनी लगाई जाएगी। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी कल भाजपा कार्यालय पहुंचे पहले वे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में कार्य कर चुके है। उन्होंने अपने बीते दिनों को याद किया। तथा यहां पर सभी से सहयोग से अपेक्षा की। ज्ञात रहे विष्णुदेव साय भाजपा के अध्यक्ष के रूप में लंबे अर्से से कार्यकर चुके है। वर्तमान में सीएम है। इन दिनों सत्ता एवं संगठन में समन्वय बनाकर चल रहे है। किरणदेव के नेतृत्व में नई कार्यकारिणी का गठन कर दिया गया है।

# पुलिसकर्मी के साथ मारपीट करने वाले 4 आरोपी पकड़ाये



**रायपुर।** राजधानी के न्यू राजेन्द्र नगर थाना क्षेत्र में पुलिसकर्मी के साथ मारपीट करने वाले 04 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 11.09.2025 की रात्रि थाना न्यू राजेन्द्र नगर क्षेत्रांतर्गत अमलीडीह शराब भट्ठी के पास सेंट जोसेफ कॉलोनी रोड में कुछ शरारती लोगों द्वारा शराब पीकर हुल्लड़बाजी किये जोन की सूचना पर थाना न्यू राजेन्द्र नगर के डॉयल 112 वाहन में कार्यरत पुलिसकर्मी द्वारा उक्त स्थान पर जाकर उनको समझाईश दे रहे थे उसी दौरान कुछ लड़के शराब के नशे में पुलिसकर्मी से वाद विवाद कर उनसे अश्लील गाली गलौच करते हुये जबरदस्ती परेशान करते हो हम लोगों को नहीं जानते कहते हुए अपना नाम अरूण चौहान, राजेश यादव, राहुल दीवान एवं रविन्द्र भगत बताये और पुलिसकर्मी को जान से मारने की धमकी देकर अपने पास रखें कटर को दिखाकर उसके साथ हाथ मुक्का एवं हाथ में पहने हुए कड़ा से मारपीट किये। जिससे पुलिसकर्मियों को चोट आयी तथा उनके वर्दी को भी फाड़ दिया गया। पुलिसकर्मी की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध थाना न्यू राजेन्द्र नगर में धारा 121, 132, 221, 296, 351(2), 115(2), 3(5) बी.एन.एस का अपराध पंजीबद्ध किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी न्यू राजेन्द्र नगर के नेतृत्व में थाना न्यू राजेन्द्र नगर पुलिस की टीम द्वारा आरोपियों की पतासाजी करते हुये प्रकरण में आरोपी अरूण कुमार चौहान पिता स्व. बिशेस्वर चौहान उम्र 28 साल निवासी ग्राम गोडपाली थाना पटेवा जिला महासमुंद। हाल पता - बजाज कालोनी दुर्गा मंदिर के पास थाना न्यू राजेन्द्र नगर रायपुर, राजेश यादव उर्फ छोटू पिता महेश यादव उम्र 24 साल निवासी ग्राम नरतोरा थाना पटेवा जिला महासमुंद। हाल पता - बजाज कालोनी दुर्गा मंदिर के पास थाना न्यू राजेन्द्र नगर रायपुर, राहुल दीवान उर्फ रामू पिता लीला राम दीवान उम्र 20 साल निवासी ग्राम नरतोरा थाना पटेवा जिला महासमुंद। हाल पता - बजाज कालोनी दुर्गा मंदिर के पास थाना न्यू राजेन्द्र नगर रायपुर तथा रविन्द्र कुमार भगत पिता फ्कुवा राम भगत उम्र 40 साल निवासी ग्राम गुमतेल थाना मनोरा जिला जशपुर हाल पता - बजाज कालोनी दुर्गा मंदिर के पास थाना न्यू राजेन्द्र नगर रायपुर को गिरफ्तार किया गया।

## छग आदिम जाति कल्याण विभाग कर्मचारी संघ विभिन्न मांगों को लेकर संचालनालय का घेराव करेगा 16 को

**रायपुर।** आदिम जाति कल्याण विभाग कर्मचारी संघ विभिन्न मांगों को लेकर 16 सितंबर को संचालनालय का घेराव करेगा। इस अवसर पर संघ के कर्मचारी मांगों की पूर्ति के लिए तूता धरनास्थल पर एकदिवसीय धरना भी देंगे।

कर्मचारियों की मांग पूरी नहीं होती है तो कर्मचारी संघ अनिश्चितकालीन आंदोलन करेगा। धरने में प्रदेश भर से 11 हजार से अधिक कर्मचारी अपनी मांगों की समर्थन में शामिल होंगे। उक्त जानकारी प्रांताध्यक्ष धन्नूलाल देवांगन ने देते हुए बताया कि उनकी मांगों में तीन सूत्रीय मांगे अहम है। विभाग को कई बार अवगत कराने के बावजूद भी अब तक मांग की पूर्ति नहीं हुई है। आदिवासी विभाग के छात्रावासों की संख्या पूरे प्रदेश में 3357 है। जिसमें प्रदेश भर के 15 हजार कर्मचारी कार्यरत है। यह सभी धरने में शामिल होंगे। प्रदेश अध्यक्ष ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त मांगों को लेकर जिनमें वेतन वृद्धि भी शामिल है। प्रदेश के मुख्यमंत्री को भी अवगत कराया गया था इसके साथ 31 जुलाई 2025 को आदिम जाति कल्याण के प्रमुख सचिव को ज्ञापन सौंपा गया था मांगों को उपेक्षित किया गया है। अन्य मांगों में भत्ते में वृद्धि अवकाश की सुविधा विशेष कर महासमुंद जिले में पिछले तीन साल से कर्मचारियों के बकाया वेतन को तत्काल देने की मांग सरकार से की गई है।

## अवैध चखना सेंटर और सार्वजनिक स्थल पर शराब पीने वालों पर पुलिस की छापेमारी



**बलौदाबाजार।** जिले में अवैध रूप से चखना सेंटर संचालित करने और सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के विरुद्ध पुलिस द्वारा सख्त कार्रवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन में 12 सितंबर 2025 को विशेष अभियान चलाकर होटल, ढाबा, ठेला और सड़क किनारे शराब पीने की सुविधा देने वाले संचालकों सहित कुल 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

थाना सिटी कोतवाली और हथबंद पुलिस टीम द्वारा यह कार्रवाई उस समय की गई जब आरोपी शराब भट्टी के पास और सड़क किनारे अवैध रूप से शराब पीने और पिलाने की सुविधा उपलब्ध करा रहे थे। इन सभी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत विधिवत कार्रवाई की गई है।

गिरफ्तार आरोपियों में फ्रित चिमनानी (उम्र 43), निवासी पुरानी बस्ती बलौदाबाजार, दुर्गेश यादव (उम्र 44), निवासी रिसदा रोड बलौदाबाजार, परमेश्वर धृतलहरे (उम्र 38), निवासी ग्राम रसेडी, समीर रात्रे (उम्र 20), निवासी ग्राम अमेरा, आदित्य टंडन (उम्र 22), निवासी मिशन परसाभदेर, सूरज पटेल (उम्र 25), निवासी रायपुर रोड बलौदाबाजार, इब्राहिम (उम्र 38), निवासी वार्ड क्रमांक 11 बलौदाबाजार व अजय बांधे (उम्र 33), निवासी ग्राम हथबंद है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध शराब बिक्री, चखना सेंटर, जुआ-सट्टा जैसे गैरकानूनी कार्यों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा। जनता से भी अपील की गई है कि इस तरह की किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि शांति व्यवस्था कायम रखी जा सके।

# जमीन नही बेची तो पूरे परिवार की कर दी हत्या



**रायगढ़।** जिले के खरसिया ठुसेकेला में एक ही परिवार के चार लोगों की हत्या के मामले को पुलिस ने सुलझा लिया है। माामले में पुलिस ने मृतको के पड़ोसी एवं उसके नाबालिग सहयोगी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पूरे परिवार को सिर्फ इसलिए मार दिया क्योंकि मृतक ने अपनी जमीन उसे बेचने से इंकार कर दिया था।

बता दें कि 11 सितंबर को ग्राम ठुसेकेला राजीव नगर में ग्रामीणों ने खरसिया पुलिस को सूचना दी थी कि बुधराम उरांव का घर अंदर से बंद है और भीतर खून के धब्बे दिख रहे हैं। सूचना मिलते ही एसपी दिव्यांग पटेल, एडिशनल एसपी आकाश मरकाम, डीएसपी अनिल विश्वकर्मा, एसडीओपी प्रभात पटेल समेत खरसिया, छाल, कोतरारोड़, पूंजीपथरा, जोबी पुलिस, एफ्एसएल, फिंगरप्रिंट, डॉग स्क्वाड और बीडीएस की टीमें मौके पर पहुंचीं। जांच में बुधराम उरांव (42), उसकी पत्नी सहोद्रा (37) और दोनों बच्चों अरविंद (12) और शिवांगी (5) के शव बाड़ी में खाद के गड्ढे से बरामद हुए। जिनकी धारदार हथियार से हत्या किए जाने की पुष्टि हुई जिसपर थाना खरसिया (चौकी खरसिया) में धारा 103(1),238(ड्ड) बीएनएस कायम किया गया । मामले की गंभीरता को देखते हुए रेंज आईजी डॉ. संजीव शुक्ला ने भी घटनास्थल का निरीक्षक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने खरसिया में कैंप कर मामले की मॉनिटरिंग की और अलग-अलग थानों के प्रभारी और स्टाफ की विशेष टीमें बनाकर जांच तेज की। इसी दौरान जांच टीम को पड़ोसी लकेश्वर पटेल पर संदेह हुआ। साक्ष्य मिलने पर पूछताछ में आरोपी ने जुर्म कबूल करते हुए बताया कि वह राजमिस्त्री का काम करता है, उसका पड़ोसी बुधराम उराँव भी राजमिस्त्री का करता था जो अपने परिवार के साथ रहता था । दोनो के बीच पिछले कुछ समय से कई कारणों से झगड़ा विवाद हुआ था। आरोपी ने बताया कि वह पड़ोसी बुधराम के बाड़ी जमीन को खरीदना चाहता था जिसे कई बार बुधराम से मांगा। बुधराम ने जमीन बेचने से इंकार किया कर दिया था। करीब 6 माह पूर्व लकेश्वर के लड़के ने बुधराम के घर में घुसकर चोरी किया था,जिसे आपस मे सुलझा लिया गया था। लकेश्वर पटेल पड़ोसी बुधराम के चरित्र पर शंका करता था, इन सभी बातों को लेकर लकेश्वर पटेल बुधराम से रंजिश रखे हुआ था और बुधराम की हत्या करने की ताक में था। आरोपी ने घटना के पूर्व बुधराम और उसकी पत्नी की गैर मौजूदगी में उसके घर की रेकी की थी तथा 09.09.2025 की रात उसने बुधराम को खूब नशे में देखा था, उसी रात प्लान के मुताबिक आरोपित लकेश्वर और एक नाबालिग, बुधराम के घर घुसे और सोये बुधराम और उसकी पत्नी, बच्चों की हथियार से हमला कर हत्या कर दी और फ्रि शवों को घर के दूसरे कमरे में जमीन खोद कर दफ्नाना चाहा पर जमीन सख्त होने से गढ्ढा नहीं कर पाये और तो उन्होंने शवों को घसीटते हुए बाड़ी में ले गये और खाद में गढ्ढा कर दफना दिया। किंतु ग्रामीणों के संदेह तथा पुलिस की जांच में आखिरकार आरोपी पकड़े गये। पुलिस ने आरोपियों के बयान के बाद हत्या में इस्तेमाल टंगिया, रॉड, गैंती, फावड़ा, कपड़े आदि महत्वपूर्ण साक्ष्यों को जब्त किया है और दोनों को हत्या के मामले में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## छात्र संघ चुनाव नहीं होने से राष्ट्रीय दलों के युवा संगठनों में रोष

### छात्र संघ का मनोनयन भी नहीं करने उच्च शिक्षा विभाग का निर्देश

### विवि स्तर के छात्र संघ चुनाव भी नहीं होंगे



**रायपुर।** उच्च शिक्षा विभाग ने रविशंकर विवि से संबद्ध 150 महाविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव को दूर अब मनोनयन भी नहीं नहीं करने का निर्देश दिया है। सरकार के इस फैसले से छात्रों में रोष है।

मिली जानकारी के अनुसार राज्य में इस वर्ष छात्रसंघ चुनाव नहीं हो रहे है इस संबंध उच्च शिक्षा विभाग का कहना है कि राज्य में कुल 12 विवि है। जिनमें से छह निजी है। तथा छह शासकीय है। शासकीय महाविद्यालयों में हमारा नियंत्रण है। पिछले दिनों राज्यपाल द्वारा बैठक बुलाई गई थी जिसमें कुलपतियों ने रिपोर्ट में कहा था कि छात्रसंघ चुनाव कराने से महाविद्यालयों में अराजकता फैलती है तथा पढ़ाई लिखाई चौपट हो जाती है।

कांग्रेस के युवा नेता आकाश शर्मा ने कहा कि छात्रसंघ चुनाव नहीं कराने से छात्रों में रोष है एनएचयूआई द्वारा इसका विरोध किया जाएगा। सत्तारूढ़ दल के अभाविप के नेताओं ने भी चुनाव कराने की मांग की है इस संबंध में कुलाधिपति एवं राज्यपाल को शीघ्र ज्ञापन सौंपा जाएगा। रविशंकर विवि के मीडिया प्रभारी ने भी चुनाव नहीं कराने की फैसले की जानकारी दी। महाविद्यालय तो दूर अब विवि में भी चुनाव नहीं होते। ज्ञात रहे छात्र राजनीति से ही छात्रनेता आगे बढ़ते है तथा वे भारतीय राजनीति में प्रवेश करते हैं।

# ग्रीन एनर्जी से आत्मनिर्भर बने सरगांव के बिसाहू

### पीएम सूर्य घर योजना से हर महीने 500 रुपये की बचत



रायपुर, केंद्र सरकार की पीएम सूर्य घर योजना अब आम लोगों के जीवन में बड़ा बदलाव ला रही है। यह योजना न केवल बिजली बिल कम कर रही है, बल्कि लोगों को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भी बना रही है। मुंगेली जिले के सरगांव (वार्ड क्रमांक 10) निवासी श्री बिसाहू राम साहू इसकी एक मिसाल बने हैं।

करीब दो माह पहले उनके घर की छत पर 3 किलोवॉट का सोलर पैनल लगाया गया। पहले हर महीने उन्हें 100 से 150 यूनिट बिजली खपत पर 400 से 500 रुपये तक का बिल चुकाना पड़ता था। लेकिन अब सोलर प्लांट से उन्हें हर माह 400 यूनिट का क्रेडिट मिल रहा है। इसका नतीजा यह हुआ कि उनका बिजली बिल पूरी तरह शून्य हो गया और वे प्रतिमाह 500 रुपये से अधिक की बचत कर पा रहे हैं। श्री साहू ने खुशी जताते हुए कहा कि पहले हर महीने बिजली बिल की चिंता रहती थी, लेकिन अब सोलर ऊर्जा से उन्हें आत्मनिर्भरता का अहसास हो रहा है। उनके मुताबिक, यह योजना आमजन के जीवन में उजाला भरने के साथ-साथ पर्यावरण को भी सुरक्षित रख रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि पीएम सूर्य घर योजना हर घर की ऊर्जा जरूरत पूरी करने और बचत का साधन बनने के साथ-साथ ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने का भी महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे अपने घरों में सोलर प्लांट अवश्य लगाएं। यह कदम न केवल परिवार की आर्थिक मजबूती लाएगा, बल्कि स्वच्छ ऊर्जा और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में भी योगदान देगा।

# सुशासन में तेज हुई बस्तर में विकास की गति – केदार कश्यप

**जगदलपुर ।** छत्तीसगढ़ शासन के वन एवं जलवायु परिवर्तन, परिवहन, सहकारिता एवं संसदीय कार्य विभाग मंत्री केदार कश्यप ने आज नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बस्तर विकासखंड के विभिन्न ग्राम पंचायतों में 1 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। यह भूमिपूजन कार्यक्रम ग्रामीण अधोसंरचना को सुदृढ़ करने और बुनियादी सुविधाओं को विस्तार देने की दिशा में बड़ा कदम है। ग्राम पंचायत चेराकुर में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री केदार कश्यप ने प्राथमिक शाला कोटवार पारा में 9 लाख रुपये की लागत से 200 मीटर आहता (बाउंड्री वॉल) निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।

भूमिपूजन किए गए कार्यों में ग्राम पंचायत चेराकुर, गोंदियापाल और गुमगा के तहत कुल 39 लाख 61 हजार रुपये के विकास कार्य शामिल हैं। इन कार्यों में कोलेबेड़ा, माधवानी और नयापारा मार्ग पर पुलिया निर्माण, साथ ही ग्राम चेराकुर में बाजार शेड और सी.सी. सड़क निर्माण का कार्य प्रमुख है।

इसी कड़ी में मांदलापाल ग्राम पंचायत में 56 लाख 68 हजार रुपये की लागत से विभिन्न कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इनमें पखरागुड़ा मांदलापाल मार्ग पर पुलिया निर्माण, मुख्य चौक पर सोलर हाई मास्ट लाइट लगाना, लालपाइक बाजार में बाजार शेड और सी.सी. सड़क का निर्माण, और प्राथमिक शाला नयामुण्डपाड़ा में नवीन भवन का निर्माण कार्य शामिल है।सभी कार्यों का कुल अनुमानित व्यय 1 करोड़ 5 लाख 29 हजार रुपये है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना और जनजीवन को बेहतर बनाना है। इन विकास कार्यों से क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर है।वनमंत्री केदार कश्यप ने नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र में 1 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों के भूमिपूजन कार्यक्रम में कहा आज हम यहाँ सिर्फ कुछ निर्माण कार्यों की नींव नहीं रख रहे हैं, बल्कि बस्तर के भविष्य की नींव रख रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार 'गांव-गांव विकास, जन-जन विश्वास' के संकल्प के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के जीवन को बेहतर बनाना है। इस दिशा में पुलिया निर्माण, बाजार शेड, स्कूल भवन और सोलर संयंत्र जैसे कार्य महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि ये योजनाएं केवल कंक्रीट और ईंटों से बनी संरचनाएं नहीं हैं, बल्कि ये सीधे तौर पर ग्रामीणों की दैनिक ज़रूरतों और आकांक्षाओं से जुड़ी हैं। उन्होंने कहा कि सुशासन में बस्तर में विकास की गति तेज हुई है। उन्होंने कहा, पिछले कुछ महीनों में हमने देखा है कि सरकार कैसे दूरस्थ और वंचित क्षेत्रों तक विकास की रोशनी पहुँचा रही है। यह दिखाता है कि हमारी सरकार बस्तर के लोगों के लिए कितनी प्रतिबद्ध है। हमारा लक्ष्य है कि बस्तर का हर नागरिक सम्मानजनक जीवन जी सके और उन्हें हर वो सुविधा मिले, जिसके वे हकदार हैं।

# नगर निगम द्वारा किये गये सघन पौधरोपण अभियान का किया गया प्रत्यक्ष निरीक्षण

संवाददाता

रायपुर - छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की पर्यावरण हितैषी मियांवाकी पौधरोपण अभियान योजना के अंतर्गत प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व और उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के मार्गदर्शन में रायपुर नगर पालिक निगम के पर्यावरण और उद्यानिकी विभाग के माध्यम से रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न चिन्हित स्थानों पर सघन पौधरोपण अभियान चलाकर लगभग 30 हजार पौधे रोपित करने के निर्धारित किये गए लक्ष्य के अनुरूप समाज हित में पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चैबे, पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग के अध्यक्ष श्री भोलाराम साहू, आयुक्त श्री विश्वदीप के मार्गनिर्देशन में सघन पौधरोपण अभियान चलाया जा रहा है।



आज नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चैबे के निर्देष पर नगर निगम पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग अध्यक्ष श्री भोलाराम साहू ने रायपुर नगर निगम पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग के माध्यम से खोखो तालाब पार में मियांवाकी पौधरोपण अभियान अंतर्गत किये गये सघन पौधरोपण का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। इस दौरान नगर निगम कार्यपालन अभियंता श्री गजाराम कंवर एवं सहायक अभियंता श्री आषीष श्रीवास्तव की उपस्थिति रही। पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग अध्यक्ष ने अधिकारियों को मियांवाकी पौधरोपण अभियान के तहत निर्धारित लक्ष्य के अनुसार 30000 पौधो का रोपण शीघ्र समाज हित में पर्यावरण संरक्षण हेतु प्राथमिकता से करवाना एवं लगाये गये प्रत्येक पौधे की सुरक्षा व देखभाल व्यवस्थित तरीके से उनके वृक्ष बनते तक करवाना सुनिष्चित करने निर्देषित किया।

मियांवाकी पौधरोपण अभियान के अंतर्गत रायपुर नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत खोखो तालाब पार, प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत संकल्प सोसायटी फेस - 2 लाभाण्डी, वर्किंग वुमन हॉस्टल फुण्डहर में लगभग 15000 से अधिक पौधे रोपित किये जा चुके हैं. वहीं सरोना स्थित नगर निगम के डंपिंग यार्ड, गोकुल नगर गौठान योजना क्षेत्र में शीघ्र सघन पौधरोपण अभियान चलाने की तैयारी की जा रही है।

नगर निगम आयुक्त श्री विश्वदीप के निर्देश पर मियांवाकी पौधरोपण योजना में लगभग 30 हजार पौधे चिन्हित स्थानों पर रोपित किये जाने के अभियान की सतत मॉनिटरिंग अपर आयुक्त श्री विनोद पाण्डेय, उपायुक्त श्री जसदेव सिंह बाबरा, कार्यपालन अभियंता श्री गजाराम कँवर द्वारा की जा रही है।

## आदि कर्मयोगी अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित

**जशपुर ।** आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत जिले में विकास की नई दिशा तय करने के उद्देश्य से मॉडल विलेज एक्शन प्लान बनाने की कार्ययोजना तैयार की जा रही है। इसके लिए प्रत्येक जिला मास्टर ट्रेनर को एक विकासखंड के एक गांव में विलेज एक्शन प्लान बनाने के लिए चयनित किया गया है । इसी कड़ी में जिला मास्टर ट्रेनर तथा ब्लॉक मास्टर ट्रेनर दल द्वारा विभिन्न ग्रामों का भ्रमण कर स्वयं निर्धारित प्रक्रिया अपना कर विलेज एक्शन प्लान बनाने का कार्य किया गया। इसके द्वारा उन्हें ग्राम स्तर की चुनौतियों व उनकी आकांक्षाओं की बेहतर समझ भी हुई।इस अवसर पर संबंधित ग्रामों के जनप्रतिनिधि, सरपंच , पंच,महिला स्व-सहायता समूह की सदस्याएँ, युवा प्रतिनिधि, कृषक बंधु तथा ग्राम के वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे। प्रशिक्षण सत्र के दौरान छ्रस्न्ञ टीम ने ग्रामवासियों को बताया कि मॉडल विलेज केवल एक संकल्पना न होकर, ग्राम की सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक उन्नति का आधार है। इसके अंतर्गत शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका, पोषण, जल-प्रबंधन, स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण, कौशल विकास तथा जनकल्याणकारी योजनाओं का एकीकृत क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान ग्रामीणों को यह भी बताया गया कि ग्राम कार्ययोजना ग्राम की वास्तविक आवश्यकताओं एवं उपलब्ध संसाधनों को ध्यान में रखकर तैयार की जाती है। इसमें ग्रामीणों की भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है, ताकि योजना जमीनी स्तर पर अधिक प्रभावी और टिकाऊ हो सके। प्रशिक्षण में ग्रामीणों को समूह चर्चा, मानचित्रण, संसाधन सूचीकरण, प्राथमिकता निर्धारण एवं सामूहिक निर्णय प्रक्रिया से अवगत कराया गया। छ्रस्न्ञ टीम ने ग्रामीणों को यह अनुभव कराने पर जोर दिया कि यदि सभी लोग मिलकर योजना बनाएँ और उसका ईमानदारी से क्रियान्वयन करें तो उनका गाँव एक मॉडल गाँव के रूप में उभर सकता है। प्रशिक्षण में विशेष रूप से इस बात पर बल दिया गया कि सरकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुँचाना ही ग्राम विकास का मूल मंत्र है।

## स्तर संभाग में आदिवासियों की जमीन की खरीदी बिक्री पर लगे रोक - विक्रम मण्डावी

### बड़े स्तर पर आदिवासियों के जमीन की खरीदी बिक्री पर विधायक ने जताई चिंता, राज्यपाल को लिखा पत्र

बीजापुर । क्षेत्रीय विधायक विक्रम मण्डावी ने बस्तर संभाग में बड़े स्तर पर आदिवासियों के जमीनो की हो रही खरीदी बिक्री पर चिंता जाहिर करते हुए राज्यपाल को पत्र लिखकर जमीनों की खरीदी बिक्री पर रोक लगाने की मांग की है।

बीजापुर विधायक विक्रम मण्डावी ने महामहिम राज्यपाल को पत्र के माध्यम से अवगत कराया है कि बस्तर संभाग आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है और 5वीं अनुसूची में आता है, बस्तर संभाग में आदिवासी वर्ग के लोग आदिकाल से निवासरत हैं। किन्तु वर्तमान में आदिवासियों के जमीनों कि खरीदी बिक्री बड़े पैमाने पर हो रही हैं। बस्तर संभाग के बीजापुर, सुकमा, दंतेवाड़ा और नारायणपुर जिले नक्सल प्रभावित और अतिसंवेदनशील क्षेत्र है, इन जिलों में भूमाफ्यिा -उद्योगपतियों द्वारा बड़े स्तर पर पैसे का लालच देकर आदिवासियों कि जमीनों की खरीदी बिक्री कर लाभ उठाने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं पैसों के लालच में आकर



स्थानीय आदिवासी अपनी पुश्तैनी जमीनों को भूमाफ्यिों को बेचने के लिए मजबूर हो रहे हैं। यदि समय रहते उद्योगपति -भूमाफ्यिाओं को आदिवासियों की जमीन बिक्री करने से नही रोका गया तो आदिवासी समाज के लिए भविष्य में विकराल संकट उत्पन्न होगा और दर दर भटकने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। इस कारण बीजापुर, सुकमा, दंतेवाड़ा और नारायणपुर जिले में आदिवासियों की जमीन की खरीदी बिक्री पर रोक लगाना आवश्यक है।

## अरूण साव ने नगरीय प्रशासन विभाग के कार्यों की समीक्षा की

### समय-सीमा तय कर योजनाओं के काम पूर्ण करने के दिए निर्देश, कार्यों की गुणवत्ता और जन सुविधाओं का ध्यान रखने कहा

### वीमेन फॉर ट्री' के तहत नगरीय निकायों में लगाए जा रहे कुल 1.66 लाख पौधे

**रायपुर ।** उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव ने वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने नवा रायपुर स्थित विश्राम भवन में आयोजित बैठक में अधिकारियों को हर कार्य की पूर्णता के लिए समय-सीमा तय कर योजनाओं के क्रियान्वयन के निर्देश दिए। उन्होंने गौधाम योजना के क्रियान्वयन के लिए शीघ्र कार्ययोजना तैयार करने को कहा। श्री साव ने नगरीय निकायों में निर्माणाधीन अटल परिसरों और नालंदा परिसरों के निर्माण में भी तेजी लाने को कहा। नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस.



और संचालक श्री आर. एक्का भी समीक्षा बैठक में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने बैठक में कहा कि विभाग द्वारा लगातार नवाचार के कार्य किए जा रहे हैं। नवाचारों के साथ ही विभागीय संरचना और योजनाओं का सुदृढ़ीकरण व विस्तारीकरण भी किया जाए। उन्होंने कहा कि विभागीय योजनाओं का असर धरातल पर दिखना चाहिए। प्रत्येक कार्य की समय-सीमा तय की जाए। सभी कार्यों में गुणवत्ता के साथ ही जन सुविधाओं का ध्यान रखा जाए। साव ने बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों को नगरीय निकायों के सेट-अप पुनरीक्षण और वर्गीकरण के साथ ही रिक्त पदों पर भर्ती के लिए वित्त विभाग तथा सामान्य प्रशासन विभाग से समन्वय कर स्वीकृति के लिए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि किसी भी निकाय में अधिकारियों-कर्मचारियों को वेतन देने में विलंब की स्थिति नहीं निर्मित होना चाहिए। समय पर वेतन का भुगतान सुनिश्चित करें। श्री साव ने नगरीय निकायों के सभी वार्डों में आबादी के हिसाब से समुचित स्ट्रीट लाइटिंग के निर्देश दिए। उन्होंने पार्षद निधि के तहत इसके प्रावधान का प्रस्ताव आगामी बैठक में प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने दीपावली के पहले सभी निकायों के प्रत्येक वार्ड में प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'वीमेन फॉर ट्री' के अंतर्गत नगरीय निकायों में किए जा रहे पौधरोपण के बारे में कहा कि छत्तीसगढ़ के लिए यह गौरव की बात है कि पूरे देश में मध्यप्रदेश के बाद छत्तीसगढ़ को सर्वाधिक संख्या में वृक्षारोपण की मंजूरी मिली है। 'वीमेन फॉर ट्री' के अंतर्गत 27 करोड़ 48 लाख रुपए की लागत की 444 परियोजनाओं की स्वीकृति मिली है। अभियान के तहत विभिन्न नगरीय निकायों में कुल एक लाख 66 हजार पौधे लगाए जाएंगे। पौधरोपण के बाद एक वर्ष तक इनकी देखभाल और सुरक्षा का काम 1701 महिला समूहों को सौंपा गया है।

## मां पर हंसिया से प्राणघातक हमला, आरोपी पुत्र गिरफ्तार

**गिधपुरी।** ग्राम बोहारडीह में 11 सितंबर 2025 को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जिसमें धनेश्वर जोशी (उम्र 24 वर्ष) ने अपनी मां अंजनी जोशी पर लोहे की हंसिया से प्राणघातक हमला कर गंभीर चोटें पहुंचाई। घटना के समय परिवार के सदस्य खाना खा रहे थे, तभी धनेश्वर के छोटे भाई हरेश जोशी ने उसे टूटे हुए मोबाइल को ठीक करवाने की बात कही। इस दौरान परिवार के अन्य सदस्यों ने भी धनेश्वर को समझाइश देने की कोशिश की। इससे गुस्से में आए धनेश्वर ने अश्लील गाली-गलौज करते हुए अपनी मां पर हंसिया से हमला कर दिया, जिससे उनके कान और गर्दन पर गंभीर चोटें आईं। बीच-बचाव करने आए पिता बिसहत जोशी को भी चोटें आईं।

प्रार्थिया अंजनी जोशी की शिकायत पर थाना गिधपुरी में 12 सितंबर 2025 को अपराध क्रमांक 110/2025, धारा 109 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

## शासकीय नवीन महाविद्यालय, कोण्टा में धूमधाम से मनाया गया रजत जयंती महोत्सव

### छत्तीसगढ़ की 25 वर्षों की यात्रा का उत्सव

**सुकमा ।** छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर शासकीय नवीन महाविद्यालय, कोण्टा में 9 से 11 सितंबर तक रजत जयंती महोत्सव 2025 बड़े उत्साह, उल्लास और सहभागिता के साथ आयोजित किया गया। छत्तीसगढ़ शासन एवं उच्च शिक्षा विभाग के दिशा-निर्देशों के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में शिक्षाविद, जनप्रतिनिधि, छात्र-छात्राएं, पूर्व छात्र, समाजसेवी और स्थानीय संगठन जुड़े। तीन दिनों तक चले इस महोत्सव में छत्तीसगढ़ की उपलब्धियों, भविष्य की दिशा और युवाओं की सहभागिता पर व्यापक विमर्श हुआ।



प्रथम दिवस ङ्क संगोष्ठी, परिचर्चा और विचार मंथन

पहले दिन छत्तीसगढ़ ञ्च50 और विकसित छत्तीसगढ़ ञ्च2047 विषय पर संगोष्ठी, आमंत्रित वक्तव्य एवं परिचर्चा का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री पी विजय ने की जबकि मुख्य अतिथि जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्री माड़वी हिड़मा रहे। विशिष्ट अतिथियों में नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मौसम जया, सांसद प्रतिनिधि श्री पण्डा अनुराग, विधायक प्रतिनिधि श्री अम्बटी देवेंद्र कुमार, प्राचार्य डीएवी कॉलेज श्री कृष्णचंद्र मिश्र सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

सभी ने छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा, शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण उन्नयन, युवाओं की भूमिका और भविष्य की योजनाओं पर अपने विचार साझा किए।दूसरे दिन पूर्व छात्र सम्मेलन एन्युमिनी मीट आयोजित हुआ। भूतपूर्व छात्र-छात्राओं का स्वागत कर उनके अनुभव साझा किए गए। इसके साथ ही विद्यार्थियों के लिए छत्तीसगढ़ पर आधारित क्विज, भाषण और पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन कर युवाओं को राज्य के गौरव से परिचित कराया गया। अंतिम दिन रजत जयंती तक का सफर रैली आयोजित की गई। महाविद्यालय परिसर से कोंटा बाजार होते हुए अटल चौक तक निकाली गई इस रैली में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कुसुमलता कवासी, सदस्य सुश्री सविता पंडा, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि राजा बाबु, जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री पी विजय, सांसद प्रतिनिधि श्री पण्डा अनुराग, प्राध्यापकगण, छात्र-छात्राएं और राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक शामिल हुए।

इस महोत्सव को सफल बनाने में कार्यक्रम संयोजक प्रो. शशिकांत ध्रुवे, कार्यक्रम संचालक प्रो. दुष्यंत कुमार, अतिथि व्याख्यातागण सहित सभी संकायों के शिक्षक, छात्र और स्वयंसेवकों ने सक्रिय योगदान दिया।

## सफाई, विकसित भारत संकल्प 2047 वोकल फॉर लोकल स्वदेशी वस्तु निर्माताओं का करेंगे सम्मान

**रायपुर।** जवाहर नगर मंडल भाजपा जिला रायपुर में सेवा पखवाड़ा कार्यशाला का आयोजन राठौड़ क्षत्रिय समाज भवन राठौड़ चौक में किया गया। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वे जन्म दिवस के उपलक्ष में मनाया जाने वाला है। जो कि यह 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलता है। इसके लिए प्रत्येक मण्डल में सेवा पखवाड़ा कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। जवाहर नगर मंडल भाजपा जिला रायपुर की कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में जिला उपाध्यक्ष हरीश सिंह,पूर्व जिला अध्यक्ष व सैनिक कल्याण बोर्ड के सदस्य राजेश पांडे उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता श्री हरीश सिंह जी ने बताया कि सेवा पखवाड़ा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वे जन्म दिवस के उपलक्ष्य में मनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। यह पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलता जो है, जिसमें विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। सेवा पखवाड़े में स्वच्छता अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता की गतिविधि की जाएगी। जिसमें रक्तदान,शिविर,स्वास्थ्य जांच शिविर,प्रबुद्ध जन सम्मान,नमो मैराथन, त्नस्ञ्ज की जानकारी के साथ चिल्हर वितरण, आत्मनिर्भर भारत अभियान रैली, एक पेड़ मा के नाम,दिव्यागजनों को उपकरण वितरण,सासंद खेल कूद,विकसित भारत चित्रकला,प्रदर्शनी,का



आयोजन किया जाएगा। साथ ही जवाहर नगर मंडल के अध्यक्ष श्री संदीप जघेल ने बताया कि आज की सेवा पखवाड़ा कार्यशाला बैठक में यह निर्णय लिया गया कि सेवा पखवाड़ा के दौरान मंडल स्तर पर कई सामाजिक एवं जनहित के कार्यक्रम चलाए जाएंगे जैसे सार्वजनिक स्थलों, नालों एवं मंदिर प्रांगण,की साफ सफाई की जाएगी। वृक्षारोपण, निःशुल्क जांच एवं औषधि वितरण, रक्तदान शिविर, महिला सशक्तिकरण शिविर, नशा मुक्ति अभियान चलाए जाएंगे। साथ ही मंडल के अंतर्गत आने वाले वार्डो में दिव्यांजनो को उपकरण का वितरण किया जाएगा। व्यापारियों को वर्तमान में त्नस्ञ्ज पर हुए परिवर्तन की जानकारी के लिए कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा एवं त्यौहार सीजन को देखते हुए चिल्हर का वितरण जगह जगह व्यापारिक संघ के साथ मिलकर किया जाएगा। विकसित भारत संकल्प 2047 वोकल फॉर लोकल के अंतर्गत मंडल के अंतर्गत वार्डो में घर बैठे स्वदेशी वस्तुओं का निर्माण कर स्वरोजगार कर रहे नागरिकों का स्वदेशी मेला लगा कर उनका सम्मान किया जाएगा, वार्ड में आंगन बाड़ी कार्यकर्ताओं,मितानिन,सफाई कर्मचारियों का सम्मान भी किया जाएगा। वार्ड में निवासरत प्रबुद्धजन समाज के वरिष्ठ एवं प्रमुख,चिकित्सक,एडवोकेट, इंजीनियर,समाज सेवी संस्थाएं हृलह्व, का भी सम्मान सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। आज की इस सेवा पखवाड़ा कार्यशाला में विशेष रूप से मुख्य वक्ता जिला उपाध्यक्ष हरीश सिंह जी,मंडल प्रभारी अर्चना शुक्ला,पूर्व जिला अध्यक्ष श्री राजेश पांडे,मंडल अध्यक्ष श्री संदीप जघेंल,तात्यापारा वार्ड की पार्षद एवं नगर पालिक निगम जोन क्र 7 की अध्यक्ष श्रीमती श्वेता विश्वकर्मा,इंदिरा गांधी वार्ड के पार्षद एवं राजस्व विभाग द्बद्ब सदस्य श्री अवतार सिंह बागल,पूर्व मंडल अध्यक्ष श्री चंद्रेश शाह,भाजपा वरिष्ठ सदस्य श्री नवीन अग्रवाल ,पूर्व पार्षद श्रीमती भारती बागल,राहुल राय,मंडल के महामंत्री रमेश शर्मा,गीता रेड्डी,उपाध्यक्ष साजन श्रीवास,संतोष निहाल,राहुल राय,सोनू राजपूत,नीलू तलमले,एकता गुप्ता,प्रियंका साहू,पूनम सोनी,सरोज साहू, हेमबती साहू,पूनम विश्वकर्मा,कमला चौहान,रजनी साहू,भानुमती साहू,त्रिवेणी साहू,अंजू चंदनिया,रूपा यादव,पीलू कुलदीप,सूरज शर्मा,शंकर शर्मा,गौरव शर्मा ,मुकेश नथानी,देव यादव,संजय साहू,शैलेश विश्वकर्मा,विजय सोनी,सत्येंद्र तिवारी,नवलक्ष्मी तिवारी,दुर्गा साहू,रत्ना नायडू,आरती साहू,संजना वैष्णव, कोदईया साहू, सुकलिया साहू, दूरपति साहू, बिसनतीन साहू,भानु टांडी,मीडिया प्रभारी प्रणीत उपस्थित थे।

## जानेलवा हमला करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** राजधानी की थाना न्यू राजेन्द्र नगर पुलिस ने वाहन दुर्घटना में हुये विवाद पर एक व्यक्ति पर जानेलवा हमला करने वाले 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सुजीत सिंह ने थाना न्यू राजेन्द्र नगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह श्याम नगर तेलीबांधा का निवासी है। दिनांक 16.08.2025 के रात लगभग 8:25 बजे उसकी बहन ने उसे फोन कर बताया कि उसका बेटा अस्वीन सिंह ने उसे फ ोन कर बताया कि वह अपनी इलेक्ट्रिक ओला स्कूटी में टैगोर नगर जा रहा था। महावीर चौक न्यू राजेन्द्र नगर सिग्नल क्रॉस कर रहा था उसी समय श्याम नगर तेलीबांधा तरफ से आ रहे एक्टीवा वाहन का चालक रंजीत सिंग निवासी महावीर नगर रायपुर के द्वारा रेड सिग्नल में लापरवाही पूर्वक अपनी वाहन को चलाते हुये अस्वीन के वाहन को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर अस्वीन सिंह के साथ मारपीट कर उसके वाहन को पटक कर क्षतिग्रस्त कर दिये तथा रंजीत सिंग एवं उसके साथी अस्वीन सिंह के साथ लडाई झगड़ा कर विवाद कर रहे है। जिस पर प्रार्थी द्वारा मौके पर पहुंचकर रंजीत सिंग एवं उसके साथियों से घटना के संबंध में पूछने पर रंजीत सिंग एवं उसके अन्य साथी प्रार्थी को अश्लील गाली गलौच देने लगे गाली देने मना करने पर रंजीत सिंग और उसके अन्य साथियों ने प्रार्थी को जान मारने की धमकी देकर आज तुझे खत्म कर देगे कहते हुये हाथ मुक्का और डंडा से मारपीट करने लगे तथा रंजीत सिंग अपने पास रखें चाकू से प्रार्थी की हत्या करने की नियत से उस पर चाकू से वार कर प्राण घातक हमला कर चोट पहुंचाया। उसी समय प्रार्थी के पिता सुभाष सिंह द्वारा पहुंच कर बीच-बचाव करने के दौरान रंजीत सिंग एवं उसके अन्य साथियों ने प्रार्थी के पिता के साथ भी डण्डे से मारपीट किया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना न्यू राजेन्द्र नगर में आरोपियों के विरूद्ध धारा 281, 296, 351(2), 115(2), 109, 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध किया गया तथा वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना न्यू राजेन्द्र नगर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना व आरोपियों के संबंध में प्रार्थी एवं प्रार्थी के पिता सहित आसपास के लोगों से विस्तृत पूछताछ कर आरोपियों की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया।

## संपादकीय

### जापान-भारत के बीच महत्वपूर्ण साझेदारी

जापान ने भारत में एक दशक में 10 हजार अरब येन (करीब 60 हजार करोड़ रुपये) के निवेश का लक्ष्य रखा है, और दोनों देशों ने महत्त्वपूर्ण खनिजों, रक्षा और प्रौद्योगिकी जैसे कई प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए दस वर्षीय बड़ी रूपरेखा भी तैयार की है। दोनों पक्षों ने 13 प्रमुख समझौतों और दस्तावेज को अंतिम रूप दिया। महत्त्वपूर्ण बात यह है कि जापान ने यह फैसला व्यापार और शुल्क पर अमेरिकी ट्रंप प्रशासन की नीतियों के चलते वैंकि पटल पर मची उथल-पुथल के बीच किया। भारत-जापान विशेष रणनीतिक और वैंकि साझेदारी के विस्तार की घोषणाएं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके जापानी समकक्ष शिगेरू इशिबा के बीच शिखर वार्ता के बाद की गई। प्रधानमंत्री मोदी दो देशों-जापान और चीन-की अपनी यात्रा के पहले चरण में जापान पहुंचे थे जहां जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा के साथ शिखर वार्ता हुई।



## श्राद्ध पक्ष में विशेष तिथि मातृ नवमी

– पं. चन्द्रभूषण शुक्ला
संस्कृत भाषा के प्रचारक



आश्विन मास के कृष्ण पक्ष नवमी को मातृ नवमी या अविधवा नवमी कहते हैं । श्राद्ध पक्ष में इस तिथि का विशेष महत्त्व है। इस दिन यदि परिवार की अन्य वरिष्ठ दादी, परदादी, नानी, परनानी, माता जी एवं अविवाहतिन (सधवा) स्त्री की मृत्यु हुई हो, तो इस दिन उसका श्राद्ध करते हैं । इस दिन ब्राह्मण एवं सुहागिनों को भोजन करवाने एवं दान करने की परंपरा चली आ रही है ।

संस्कृत भाषा के प्रचारक व धर्मशास्त्री पं. चन्द्रभूषण शुक्ला ने बताया कि श्राद्ध पक्ष मे नवमी के दिन घर के बहु और पुत्र अपनी स्वर्गवासी सास और माता के लिए श्राद्ध करते हैं जिसे अन्वष्टका श्राद्ध मातृ तर्पण कहा जाता है। इस दिन माता, पितामही, प्रपितामही, मातामह, प्रमातामह, वृद्धप्रपितामह के लिए सपत्निक श्राद्ध कर सभी के नाम से तर्पण करना चाहिए।

पिता के जीवित रहने के बाद भी पुत्र, पितामही, प्रपितामही आदि के निमित्त पितृपक्ष मे माता की तिथि या मातृनवमी के दिन मातृ तर्पण किया जा सकता है। साथ ही मातृपक्ष और पितृपक्ष दोनों पक्षों की स्वर्गवासी माताओं के लिए श्राद्ध व तर्पण किया जाना चाहिए। आज के दिन महिलाओं को भोजन करा कर पंडित जी को दान समाग्री, अन्न, वस्त्र, दक्षिणा देकर आशीर्वाद लिया जाता है। आज के दिन किया गया दान अनंत और अक्षत के रूप में पितरों तक पहुँचता है जिससे खुश होकर पितृ वही सब आशीर्वाद के रूप में अपनी संतान को वापस देते हैं, इसलिए भी पितृपक्ष में मातृनवमी का विशेष महत्ता बताया गया है।

पति के निधन से पूर्व मृत स्त्रियों के श्राद्ध पितृपक्ष की नवमी को ही किया जाता है क्योंकि नवमी के दिन ब्रह्मांड में रजोगुणी पृथ्वी एवं आप तत्त्वों से संबंधित शिवतरंगों की अधिकता होती है । इस दिन शिवतरंगों की अधिकता के फ्लस्वरूप सुहागन को सूक्ष्मरूपी शिवतत्त्व का बल प्राप्त होता है । उसके स्थूल शिवरूपी पुरुष प्रकृति से जुडे पृथ्वी तत्त्व के संस्कारों से संबंधित घनिष्ट आसक्ति युक्त तंतुओं का विघटन होता है । इससे उसे प्रतिबंधन से मुक्त होने में सहायता मिलती है । इसलिए रजोगुणी शक्तिरूप की प्रतीक सुहागन का श्राद्ध महालय में शिवतरंगों की अधिकता दर्शाने वाली नवमी के दिन ही करते हैं।

माँ महामाया देवी मन्दिर रायपुर के ज्योतिषी एवं भागवताचार्य पं. मनोज शुक्ला ने बताया कि इस दिन जो भी महिला की ज्ञात अज्ञात मृत्यु हुई होगी उसका श्राद्ध तथा दादी, परदादी, नानी, परनानी आदि घर की महिलाओं का श्राद्ध नवमी तिथि को ही किया जाता है। श्राद्ध के दिन पितर घर के द्वार पर खड़े होकर भोजन और जल की राह देखते हैं इसलिए ब्राह्मण, गाय, कौवा को भोग देकर तर्पण कर पितरों को जरूर तृप्त करना चाहिए। इस प्रकार शास्त्रों में वर्णन अनुसार श्राद्ध पक्ष में नवमी की तिथि (मातृ नवमी) बहुत ही विशेष तिथि बताई गई है।

:- पं. चन्द्रभूषण शुक्ला

# भारतीय दिल खतरे में, एक गंभीर चुनौती की टंकार



ललित गर्ग
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार



आधुनिक युग को यदि सुविधाओं और संसाधनों का युग कहा जाए तो यह अतिशयोक्ति नहीं होगी, लेकिन इन सुविधाओं और विलासिताओं की कीमत भी समाज को चुकानी पड़ रही है। मशीनों और तकनीक ने जीवन को आसान बनाया है, परंतु इसके साथ ही ऐसी अनेक जीवनशैली-जनित बीमारियों को जन्म दिया है जो पहले दुर्लभ थीं। इन बीमारियों में सबसे बड़ी और भयावह बीमारी है-दिल का रोग। दिल की बीमारियाँ आज विश्व में असमय मृत्यु का सबसे बड़ा कारण बन चुकी हैं और भारत भी इससे अछूता नहीं है। हाल ही में जारी कॉजेज ऑफ डेथ इन इंडिया 2021-23 की रिपोर्ट इस खतरे की गंभीरता को और स्पष्ट करती है। पहले जहाँ माना जाता था कि हृदय रोग और दिल के दौरे बुजुर्गों की बीमारी है, वहीं अब स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। रिपोर्ट में बताया गया है कि अब 30 वर्ष से अधिक आयु के लोगों में हृदयाघात से होने वाली मौतें तेजी से बढ़ रही हैं। यानी युवाओं में दिल का दौरा अब असामान्य नहीं, बल्कि आम होता जा रहा है। यह न केवल चिकित्सा जगत के लिए चिंता का विषय है बल्कि समाज और परिवार के लिए भी गहरी चिंता का कारण है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार, 2021 में हृदय रोगों के कारण विश्वभर में लगभग 1.8 करोड़ लोगों की मृत्यु हुई। यह आंकड़ा किसी भी अन्य बीमारी से कहीं अधिक है। अकेले भारत में प्रतिवर्ष लगभग 28 प्रतिशत मौतें हृदय रोगों से होती हैं। इसका अर्थ यह है कि हर चौथा भारतीय हृदयाघात या उससे जुड़ी बीमारी का शिकार होकर अकाल मृत्यु का सामना कर रहा है। शहरी क्षेत्रों में यह दर और भी अधिक है क्योंकि वहाँ तनाव, प्रदूषण, अस्वस्थ भोजन और व्यायाम की कमी का प्रभाव ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में कहीं ज्यादा है। विशेष चिंता की बात यह है कि भारत में 40 प्रतिशत से अधिक दिल के दौरे 40 वर्ष से कम आयु में आ रहे हैं। यह आंकड़ा अमेरिका और यूरोप जैसे विकसित देशों से कहीं अधिक है, जहाँ यह दर 10 से 15 प्रतिशत के बीच है। इस तथ्य से स्पष्ट है कि भारतीय युवा पीढ़ी का हृदय पहले से कहीं अधिक असुरक्षित एवं खतरे में है।

नमूना पंजीयन सर्वेक्षण के नए आंकड़े विशेषकर दिल के प्रति सजग रहने की वकालत करते हैं। भारत में सबसे अधिक करीब 31 फीसदी मौतें दिल की बीमारियों के कारण होती हैं। यदि हम यहां पर भारत में मोटापे की राष्ट्रीय स्थिति की बात करें तो भारत में मोटापे की औसत दर लगभग 40.3 प्रतिशत है, जिसमें महिलाओं में यह दर 41.88 प्रतिशत और पुरुषों में 38.67 प्रतिशत है। शहरी क्षेत्रों में यह दर ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में अधिक है। आंकड़े बताते हैं कि पुडुचेरी, चंडीगढ़, और दिल्ली जैसे राज्यों में मोटापे की दर उच्चतम है। भारत में सबसे अधिक करीब 31 फीसदी मौतें दिल की बीमारियों के कारण होती हैं। सर्वेक्षण में यह पता चला है कि 30 से अधिक उम्र वाले लोगों में मौत की सबसे बड़ी वजह यही है। देश के 28 राज्यों और आठ केंद्रशासित क्षेत्रों में करीब 88 लाख लोगों पर किए गए इस सर्वेक्षण से यह पता लगाने की कोशिश की गई थी कि भारत में मौत की वजह क्या है और किस बीमारी से कितनी जान जा रही है? एक उपलब्ध जानकारी के अनुसार 2021 में कोविड-19 महामारी के कारण मृत्यु दर में वृद्धि हुई। हालांकि, 2022 और 2023 में स्थिति में सुधार देखा गया, लेकिन महामारी के प्रभाव से उत्पन्न स्वास्थ्य संकटों का असर अभी भी महसूस किया जा रहा है।

दिल की बीमारियों की बढ़ती प्रवृत्ति को केवल चिकित्सा या आनुवंशिक कारणों से नहीं समझा जा सकता। इसके पीछे कई सामाजिक, आर्थिक और जीवनशैली संबंधी कारण हैं। आज का युवा वर्ग फास्ट फूड, जंक फूड और प्रोसेस्ड भोजन पर अधिक निर्भर है। इसमें उच्च मात्रा में तेल, नमक और चीनी होती है, जो हृदय की धमनियों को अवरुद्ध कर देती है। पारंपरिक संतुलित आहार जिसमें दाल, सब्जियां, अनाज और फल शामिल थे, अब जीवन से गायब होते जा रहे हैं। आधुनिक जीवन की दौड़-भाग, नौकरी और कैरियर की अनिश्चितता, प्रतिस्पर्धा, आर्थिक दबाव और सामाजिक अपेक्षाएँ युवाओं को लगातार मानसिक तनाव में रखती हैं। तनाव से हार्मोनल असंतुलन होता है और यह हृदय की धड़कन तथा रक्तचाप को प्रभावित करता है। धूम्रपान, शराब और अन्य नशे की वस्तुएँ दिल की बीमारी के सबसे बड़े कारणों में शामिल हैं। धूम्रपान से रक्त नलिकाएँ सिकुड़ जाती हैं और धमनियों में कोलेस्ट्रॉल जमने की प्रक्रिया तेज हो जाती है। यही स्थिति शराब और ड्रग्स से भी उत्पन्न होती है।

शहरी जीवनशैली ने युवाओं को गतिहीन बना दिया है। दिनभर दफ्तर या कंप्यूटर पर बैठकर काम करने से शारीरिक गतिविधियाँ नगण्य हो जाती हैं। मोटापा, ब्लड प्रेशर और डायबिटीज इसी निष्क्रिय जीवनशैली की उपज हैं और ये तीनों मिलकर दिल की बीमारी का बड़ा खतरा पैदा करते हैं। महानगरों की हवा में जहरीले कणों की बढ़ती मात्रा भी दिल की धड़कन और श्वसन तंत्र को प्रभावित करती है। अध्ययनों से सिद्ध हुआ है कि प्रदूषण से हृदयाघात की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। जिन परिवारों में पहले से दिल की बीमारियाँ रही हैं, उनमें यह जोखिम अधिक रहता है। लेकिन पहले केवल यही एक बड़ा कारण माना जाता था, जबकि अब जीवनशैली के कारक अधिक प्रभावी साबित हो रहे हैं। दिल की बीमारियाँ केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य की समस्या नहीं हैं, बल्कि इसके व्यापक सामाजिक और आर्थिक परिणाम हैं। जब कोई 30 या 40 वर्ष का युवा अचानक दिल का शिकार होकर मर जाता है तो उसके परिवार की आर्थिक रीढ़ टूट जाती है। भारत जैसे विकासशील देश में जहाँ युवाओं को सबसे बड़ी पूंजी और शक्ति माना जाता है, वहाँ उनका इस प्रकार बीमार होना राष्ट्र के भविष्य को भी खतरे में डालता है।

दिल की बीमारियों से बचाव संभव है, यदि समाज और व्यक्ति दोनों ही स्तर पर गंभीर प्रयास किए जाएँ। भोजन में ताजे फल, हरी सब्जियाँ, साबुत अनाज, दालें और कम वसा वाला भोजन शामिल किया जाए। नमक, चीनी और तैलीय भोजन का सेवन सीमित किया जाए। प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट पैदल चलना, योग, प्राणायाम और हल्की कसरत को जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। ध्यान, मेडिटेशन और समय प्रबंधन की आदतें तनाव को कम कर सकती हैं। धूम्रपान, शराब और अन्य नशों से दूर रहना हृदय को सुरक्षित रखने की सबसे बड़ी कुंजी है। ब्लड प्रेशर, शुगर और कोलेस्ट्रॉल की समय-समय पर जांच से बीमारी का प्रारंभिक चरण में पता लग सकता है। सरकार, सामाजिक संस्थाएँ और चिकित्सा जगत को मिलकर दिल की बीमारियों के प्रति जनजागरण अभियान चलाना चाहिए।

दिल की बीमारी आज 'साइलेंट किलर' बन चुकी है। यह अचानक प्रकट होकर जीवन को समाप्त कर देती है। लेकिन यह पूरी तरह अनियंत्रित नहीं है। यदि हम अपने जीवन में अनुशासन, संतुलन और संयम को स्थान दें, तो हृदय रोग से बड़ी हद तक बचा जा सकता है। कॉजेज ऑफ डेथ इन इंडिया 2021-23 की रिपोर्ट केवल एक चेतावनी है कि अब समय आ गया है जब समाज और व्यक्ति दोनों को इस खतरे को गंभीरता से लेना होगा। यह केवल चिकित्सकों या अस्पतालों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की अपनी जिम्मेदारी है कि वह अपने दिल को स्वस्थ रखने के लिए सजग और सतर्क रहे। दिल की धड़कनें जीवन का संगीत हैं, इन्हें समय से पहले मौन होने से बचाना ही आज की सबसे बड़ी चुनौती है।

भारत की चिकित्सा स्थितियां एवं सेवाएं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जहां सुधर रही हैं, वहीं स्वास्थ्य-स्थितियां नई-नई चुनौतियां लेकर खड़ी हो जाती है। इसलिये चिकित्सा-स्थितियों के साथ-साथ स्वास्थ्य-स्थितियों में सुधार की तीव्रता से अपेक्षा है। भारत में स्वास्थ्य-क्रांति का शंखनाद हो, यह व्यक्तियों को स्वस्थ आदतें अपनाने के लिए प्रेरित करें, सरकारों को स्वास्थ्य देखभाल के बुनियादी ढांचे और संसाधनों में निवेश करने के लिए प्रेरित करें और स्वास्थ्य देखभाल संस्थानों को उनके द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं में लगातार सुधार करने के लिए प्रेरित करे। **यह निजी विचार है।**

## मर्यादा में बोलने को मजबूर

हरिशंकर व्यास

मोहन भागवत भला और क्या बोल सकते हैं? उस नाते प्रधानमंत्री मोदी को ले कर भागवत और ट्रंप की भावना का फर्क इतना भर है कि ट्रंप चाहे जो बोल सकते हैं लेकिन मोहन भागवत सत्ता के भय से मर्यादा में बोलने को मजबूर हैं। वे सलाह दे सकते हैं न कि यह अल्टीमेटम कि भाजपा का अध्यक्ष वहीं होगा जो संगठन चाहेगा। बावजूद इसके ट्रंप और भागवत एक से मनोभाव में हैं। मेरी धारणा है कि हजार वर्षों की गुलामी ने हिंदू को सत्ता से भयाकुल, सत्ता का भूखा और सत्ता की भक्ति के चरणदास डीएनए दे रखा है। मालिक के आगे बेबाकी से बोलने की हिम्मत नहीं होती। महज सलाह और सतही बातें कर सकते हैं।

सो, संघ के सौ साल पूरे होने पर नरेंद्र मोदी ने बतौर स्वंयसेवक अपनी दक्षिणा देते हुए लाल किले से आरएसएस की तारीफ कर दी। इससे प्रांत स्तर के प्रचारकों, कार्यकर्ताओं, स्वंयसेवकों में यह जोश स्वाभाविक बना होगा कि देखो, लाल किले से प्रधानमंत्री ने संघ की वाह की। किसी में यह ख्याल नहीं बना होगा कि संघ के सौ साल होने पर भी प्रचारक सरकार के मुखिया मोदी-अमित शाह ने ग्यारह वर्षों में ऐंवे कईयों को भारत रत्न का सम्मान दे डाला लेकिन हिंदू राजनीति के आइडिया ऑफ इंडिया के प्रर्वतक सावरकर हों या हेडगेवार या गोलवलकर, देवरस में किसी को भी मोदी सरकार ने भारत रत्न नहीं दिया तो आखिर क्यों?

सोचें क्यों? इसलिए कि स्वंय नरेंद्र मोदी अब सत्ता की बदौलत अपने को पृथ्वीराज चौहान की विरासत के हिंदू सम्राट, हिंदू राजनीति के प्रवर्तक, भगवान जब मानते हैं तो सावरकर, गोलवलकर जैसों का भला क्या अर्थ है? इसलिए इस बात (भले न मानें) को भी नोट रखें कि 2014 से मोदी-शाह ने भाजपा की संगठनात्मक नाल को लगभग काट दिया है। जेपी नड्डा ने जो कहा था वह मोदी-शाह की ही सोच है कि भाजपा स्वंय अब समर्थ है। आरएसएस की आवश्यकता नहीं है! तभी आरएसएस, भागवत सलाह देने से ज्यादा नहीं बोल सकते।

मैं ट्रंप की चिढ़ का बुनियादी कारण यह मानता हूं कि मोदी ने अहसान नहीं माना। उनसे सीजफायर करवा लिया लेकिन उन्हें शांतिदूत कहने के बजाय यह बयानबाजी बनवाई कि सीजफायर में अमेरिका का क्या लेना-देना। मतलब सीजफायर अमेरिकी बीचबचाव के कारण नहीं, बल्कि मोदी की छप्पन इंची छाती, उनकी शूरवीरता के कारण थी, जिससे पाकिस्तान घबरा गया। उसके डीजीएमओ ने भारत के समवर्ती सेनाधिकारी को फोन कर लड़ाई रोकने की विनती की और भारत ने दया दिखलाते हुए सीजफायर की सहमति दी। मतलब भारत-पाकिस्तान की साझा सहमति से सीजफायर हुआ। ट्रंप का भला क्या मतलब!

अर्थात मोदीजी के पराक्रम से प्रारंभ है और उन्हीं की इच्छा से अंत है। उनका यही मनोभाव आरएसएस, मोहन भागवत एंड पार्टी के प्रति भी है। आखिर आरएसएस है क्या! उसके कारण दिल्ली का तख्त नहीं मिला, बल्कि नरेंद्र मोदी ही वह वजह है, जिसे हिंदुओं ने अवतार की तरह दिल्ली की सत्ता गद्दी पर बैठाया। नतीजे में मोहन भागवत की जेड सुरक्षा, संघ का सत्ता भोग और संघ मशीनरी, प्रचारकों का वैभव सब अवतारी-अजैविक राजा की कृपा से बना हुआ है। उधर उनके चाणक्य, मुख्य पुजारी के नाते अमित शाह का भी यह सोचना स्वभाविक है कि वे चुनाव जीतवा रहे हैं तो भाजपा नाम की पार्टी का संगठन तो उनका जेबी होना चाहिए।

संघ की सलाह, संघ की सोच से तो नब्बे वर्षों से हिंदू भटक रहे थे। सत्ताविहीन थे। 2014 में पृथ्वीराजजी-चाणक्यजी का अवतरण हुआ तो मोहन भागवत और उनके प्रचारकों का भाग्य बदला। अब संघ यदि गौरव से शताब्दी मना रहा है तो मोदी-शाह की आरती उतारो न कि सलाह दो। इसे मोहन भागवत ने भी समझा हुआ है। इसलिए उनका उत्सव सलाह-सफाई की भाव-भंगिमा से हो रहा है। वे हैं क्या जो किसी को 75 वर्ष की उम्र में रिटायर होने के लिए कहें या सलाह दें! इसलिए नोट रखें भाजपा का अध्यक्ष वही होगा जो मोदी-शाह चाहेंगे। नहीं तो उसके बिना भी मोदी-शाह मजे से बिहार-यूपी जितवा देंगे। इसलिए नोट रखें भागवत, संघ से सत्ता को कोई गहरी परेशानी नहीं है मगर हां, सत्ता को डोनाल्ड ट्रंप से जरूर है! और भारत को भी है!

**यह निजी विचार है।**

# 2030 तक दुनिया का हर पांचवां व्यक्ति बोलेगा हिंदी

**प्रो. संजय द्विवेदी ।**




भारतेंदु हरिश्चन्द्र, स्वामी दयानन्द सरस्वती, महात्मा गांधी जैसे महापुरुषों ने राष्ट्रभाषा हिंदी के माध्यम से ही संपूर्ण राष्ट्र से सम्पर्क किया और सफलता हासिल की। इसी कारण आजादी के पश्चात संविधान-सभा द्वारा बहुमत से 'हिंदी' को राजभाषा का दर्जा देने का निर्णय किया था। भाषा संवाद संप्रेषण का सशक्त माध्यम है। मनुष्य को इसलिए भी परमात्मा की श्रेष्ठ कृति कहा जाता है कि वह भाषा का उपयोग कर अपने भावों को अभिव्यक्त करने में सक्षम है। यही विशेषता है, जो मनुष्य को अन्य प्राणियों से भिन्न करती है।

हिंदी एक बहुआयामी भाषा है। यह बात इसके प्रयोग क्षेत्र के विस्तार को देखते हुए भी समझी जा सकती है। यह अलग बात है कि हिंदी भाषा की बात करते समय हम सामान्यतः हिंदी साहित्य की बात करने लगते हैं। इसमें संदेह नहीं कि साहित्यिक हिंदी, हिंदी के विभिन्न आयामों में से एक है, लेकिन यह केवल हिंदी के एक बड़े मानचित्र का छोटा-सा हिस्सा है, शेष आयामों पर कम विचार हुआ है और व्यावहारिक हिंदी की पृष्ठभूमि पर विचार करते हुए तो और भी कम विमर्श हमारे सामने हैं। यदि हिंदी भाषा के आंतरिक इतिहास का उद्घाटन करना हो तो नामकरण ही उसका आधार बन सकता है। हिंदी, हिंदवी, हिन्दुई और दकिनी के विकास क्रम में यह स्पष्ट दिखाई देता है कि अलग-अलग समय में एक ही भाषा के भिन्न नाम प्रचलित रहे हैं। हिंदी भाषा का इतिहास लगभग एक हजार वर्ष पुराना है। यह करीब 11वीं शताब्दी से ही राष्ट्रभाषा के रूप में प्रतिष्ठित रही है। उस समय भले ही राजकीय कार्य संस्कृत, फारसी और अंग्रेजी में होते रहे हों, लेकिन संपूर्ण राष्ट्र में आपसी संपर्क, संवाद, संचार, विचार, विमर्श, जीवन और व्यवहार का माध्यम हिंदी ही रही है।

भारतेंदु हरिश्चन्द्र, स्वामी दयानन्द सरस्वती, महात्मा गांधी जैसे महापुरुषों ने राष्ट्रभाषा हिंदी के माध्यम से ही संपूर्ण राष्ट्र से सम्पर्क किया और सफलता हासिल की। इसी कारण आजादी के पश्चात संविधान-सभा द्वारा बहुमत से 'हिंदी' को राजभाषा का दर्जा देने का निर्णय किया था। जैसे-जैसे भाषा का विस्तार क्षेत्र बढ़ता जाता है, वो भाषा उतने ही अलग-अलग रूप में विकसित होना शुरू हो जाती है, यही हिंदी भाषा के साथ हुआ, क्योंकि यह भाषा पहले केवल बोलचाल की भाषा तक ही सीमित थी। उसके बाद साहित्यिक भाषा के क्षेत्र में इसे जगह मिली, और फिर समाचार-पत्रों में 'हिंदी पत्रकारिता' का विकास हुआ। अपनी अनवरत यात्रा के कारण स्वतन्त्रता के बाद हिंदी, भारत की राजभाषा घोषित की गई तथा उसका प्रयोग कार्यालयों में होने लगा और हिंदी का एक राजभाषा का रूप विकसित हुआ।

अगर हम आंकड़ों में हिंदी की बात करें तो 260 से ज्यादा विदेशी विश्वविद्यालयों में हिंदी पढ़ाई जाती है। 64 करोड़ लोगों की हिंदी मातृभाषा है। 24 करोड़ लोगों की दूसरी और 42 करोड़ लोगों की तीसरी भाषा हिंदी है। इस धरती पर 1 अरब 30 करोड़ लोग हिंदी बोलने और समझने में सक्षम हैं। 2030 तक दुनिया का हर पांचवा व्यक्ति हिंदी बोलेगा। यूएई और फिजी जैसे देशों में हिंदी को तीसरी राजभाषा का दर्जा प्राप्त है। हिंदी की देवनागरी लिपि वैज्ञानिक लिपि मानी जाती है, ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी में 18 हजार शब्द हिंदी के शामिल हुए हैं, और सबसे बड़ी बात कि जो तीन साल पहले अंग्रेजी इंटरनेट की सबसे बड़ी भाषा थी, अब हिंदी ने उसे पीछे छोड़ दिया है। गूगल सर्वेक्षण बताता है कि इंटरनेट पर डिजिटल दुनिया में हिंदी सबसे बड़ी भाषा है।

अक्सर ये प्रश्न पूछा जाता है कि हिंदी ही हमारी राजभाषा क्यों? इसका जवाब बहुत पहले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने दिया था। महात्मा गांधी ने किसी भाषा को राजभाषा का दर्जा दिये जाने के लिए तीन लक्षण बताए थे। पहला कि वो भाषा आसान होनी चाहिए। दूसरा प्रयोग करने वालों के लिए वह भाषा सरल होनी चाहिए। और तीसरा उस भाषा को बोलने वालो की संख्या अधिक होनी चाहिए। अगर ये तीनों लक्षण किसी भाषा में थे, हैं और रहेंगे, तो वो सिर्फहिंदी भाषा ही है। आज भाषा को लेकर संवेदनशील और गंभीरतापूर्वक विचार करने की आवश्यकता है। इस सवाल पर भी सोचना चाहिए कि क्या अंग्रेजी का कद कम करके ही हिंदी का गौरव बढ़ाया जा सकता है? जो हिंदी कबीर, तुलसी, रैदास, नानक, जायसी और मीरा के भजनों से होती हुई प्रेमचंद, प्रसाद, पंत और निराला को बांधती हुई, भारतेंदु हरिशचंद्र तक सरिता की भांति कलकल बहती रही, आज उसके मार्ग में अटकले क्यों हैं?

यदि हम सच में चाहते हैं कि हिंदी भाषा का प्रभुत्व राजभाषा के रूप में बना रहे, तो हमें इसके प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देना होगा। सरकारी कामकाज में हिंदी को प्राथमिकता देनी होगी। ऐसे में भरोसा फिर उन्हीं नौजवानों का करना होगा, जो एक नए भारत के निर्माण के लिए तैयार हैं। जो अपनी जड़ों की ओर लौटना चाहते हैं। भरोसे और आत्मविश्वास से दमकते ऐसे तमाम चेहरों का इंतजार भारत कर रहा है। ऐसे चेहरे, जो भारत की बात भारत की भाषाओं में करेंगे। जो अंग्रेजी में दक्ष होंगे, किंतु अपनी भाषाओं को लेकर गर्व से भरे होंगे। उनमें 'एचएमटी' यानी 'हिंदी मीडियम टाइप' या 'वर्नाकुलर पर्सन' कहे जाने पर हीनता पैदा नहीं होगी, बल्कि वे अपनी भाषा से और अपने काम से लोगों का और दुनिया का भरोसा जीतेंगे। हिंदी और भारतीय भाषाओं के इस समय में देश ऐसे युवाओं का इंतजार कर है, जो अपनी भारतीयता को उसकी भाषा, उसकी परंपरा, उसकी संस्कृति के साथ समग्रता में स्वीकार करेंगे। जिनके लिए परंपरा और संस्कृति एक बोझ नहीं, बल्कि गौरव का कारण होगी। यह नौजवानी आज कई क्षेत्रों में सक्रिय दिखती है। खासकर सूचना-प्रौद्योगिकी की दुनिया में। जिन्होंने इस भ्रम को तोड़ दिया, कि सूचना-प्रौद्योगिकी की दुनिया में बिना अंग्रेजी के गुजारा नहीं है। ये लोग ही हमें भरोसा जगा रहे हैं। ये भारत को भी जगा रहे हैं। आज भरोसा जगाते ऐसे कई दृश्य हैं, जिनके श्रीमुख और कलम से व्यक्त होती हिंदी देश की ताकत है।

- प्रो. (डॉ.) संजय द्विवेदी

(लेखक माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल में जनसंचार विभाग के अध्यक्ष हैं।)

(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# डॉ मिश्रा को साहित्य जगत में वह स्थान नहीं मिला जिसके वे अधिकारी थे– डॉक्टर शंकर मुनिराय

संवाददाता

12 सितंबर शुक्रवार को मूर्धन्य साहित्यकार डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र की 127 वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित परिसंवाद मे उपरोक्त उद्गार डॉ. शंकर मुनि राय ने मुख्य अतिथि की आसंदी से व्यक्त किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रख्यात पत्रकार एवं साहित्यकार श्री गिरीश पंकज ने कहा कि - मिश्र जी तीन महाकाव्यों की रचना करने वाले एकमात्र साहित्यकार हैं। कान्यकुब्ज सभा राजनांदगांव एवं नांदगांव साहित्य एवं संस्कृति परिषद द्वारा मिश्र जी की 127 वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर सुबह त्रिवेणी परिसर में डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र, डॉ. पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी एवं श्री गजानन माधव मुक्तिबोध की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पत की गई जिसमें मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव थे। महापौर मधुसूदन यादव ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि राजनांदगांव की धरती की पहचान डॉक्टर मिश्र जैसे साहित्यकारों से हुई है ।डॉ शंकर मुनिराय विभागाध्यक्ष हिंदी शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनंदगांव ने डॉक्टर मिश्र के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। एम आई सी के अध्यक्ष राजा माखीजा संतोष पिल्लई नेता प्रतिपक्ष नगर निगम राजनंदगांव के साथ त्रिवेणी परिसर में बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।दोपहर में डॉक्टर बलदेव प्रसाद मिश्र हायर सेकेंडरी स्कूल में मिश्र जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इसके पश्चात् अतिथियों के संक्षिप्त उद्बोधन के पश्चात् विद्यार्थियों की वाद विवाद, भाषण एवं कवितापाठ प्रतियोगिताओं के पुरस्कार प्रदान किये गये। पुरस्कार मिश्र जी की पुण्य स्मृति में प्रदीप मिश्रा के सौजन्य से प्रदान किये गये। इस अवसर पर प्रो. आर. पी. दीक्षित, प्रदीप कुमार मिश्रा, अजय शुक्ला, प्राचार्य भूपेश साहू, शिक्षकगण देवांगन सर , ठाकुर सर, सुश्री रावत एवं सुश्री मेश्राम एन. सी. सी. अधिकारी चंदू चंद्राकर, छात्रगण सुनील, चुनेन्द्र एवं प्रीती, आदि ने सक्रिय भागीदारी कर कार्यक्रम को सफल बनाया।



संध्या 6.00 बजे कान्यकुब्ज सभा राजनांदगांव एवं नांदगांव साहित्य एवं संस्कृति परिषद के संयुक्त तत्वावधान में ऑनलाइन संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता डॉक्टर शंकर मुनि राय ने मिश्र जी को राम काव्य परंपरा का श्रेष्ठ साहित्यकार निरूपित किया किंतु उन्हें साहित्य जगत में वह स्थान प्राप्त नहीं हुआ जिसके वास्तव में हकदार थे। गिरीश पंकज वरिष्ठ साहित्यकार रायपुर ने डॉक्टर मिश्र के विभिन्न ग्रंथ एवं काव्य खंडों की विवेचना की तथा यह भी बताया कि वह एकमात्र साहित्यकार हैं जिन्होंने तीन महाकाव्य की रचना की । डॉ नीलम तिवारी ने कहा वह मात्र मानस मर्मज्ञ ही नहीं थे वरन साहित्य, शिक्षा, प्रशासन. राजनीति, लोक सेवा जैसे सभी क्षेत्रों को श्रेष्ठता से निभाया है। सिडनी ऑस्ट्रेलिया से आए मृणाल शर्मा ने मिश्र जी के महाकाव्य साकेत संत के कुछ अंश का सस्वर काव्य पाठ किया।

# बृज की रसोई द्वारा पितृ पक्ष में श्रद्धांजलि स्वरूप नि :शुल्क भोजन वितरण कार्यक्रम सम्पन्न

**समाजसेवा और श्रद्धा का संगम : बृज की रसोई ने पितृ पक्ष पर बाँटा नि :शुल्क भोजन : विपिन शर्मा**



**एजेंसी।** इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी (पंजी.) द्वारा संचालित बृज की रसोई के अंतर्गत पितृ पक्ष में दिवंगत पूर्वजों की पावन स्मृति को नमन करते हुए रविवार, दिनांक 14 सितम्बर 2025 को आशियाना, लखनऊ में निःशुल्क भोजन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

संजय श्रीवास्तव ने बताया यह वितरण साईं मंदिर, सेक्टर-जे से प्रारम्भ होकर सेक्टर-एम रिक्शा कॉलोनी, रतन खंड पार्क, डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के समीप की झुग्गियाँ, निर्माणाधीन भवनों में कार्यरत श्रमिकों के अस्थायी निवास, नगर निगम जोन-8 की मलिन बस्तियाँ और रतनखंड पानी टंकी जैसे क्षेत्रों में निःशुल्क भोजन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

संस्था के संस्थापक विपिन शर्मा ने कहा इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य समाज के निर्धन, असहाय एवं निराश्रित बच्चों और बुजुर्गों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना और साथ ही पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करना रहा। विकास पाण्डेय ने बताया प्रेरणास्रोत बाबा नीम करौली महाराज की करुणा से प्रेरित होकर आयोजित इस सेवा कार्य में अनेक गणमान्य व्यक्तियों, समाजसेवियों और स्थानीय निवासियों ने अपनी सक्रिय सहभागिता निभाई।



नई दिल्ली में मुकरवा चौक फ्लाईओवर के पास रेलवे ओवरब्रिज पर एक तेज रफ्तार सियाज कार के नियंत्रण खो देने और रेलवे ट्रैक पर गिर जाने के बाद घटनास्थल पर एकत्रित पुलिसकर्मी और लोग।



मुंबई के दादर बीच पर सफाई अभियान में भाग लेते युवा।

# देशभर के कृषि मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी, वैज्ञानिक करेंगे गहन विचार–विमर्श

पीआईबी

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा 15-16 सितम्बर, 2025 को पूसा, नई दिल्ली स्थित भारत रत्न सी. सुब्रमण्यम ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन ङ्क रबी अभियान 2025 का आयोजन किया जा रहा है। यह दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन देशभर के कृषि विशेषज्ञों, वैज्ञानिकों, नीति-निर्धारकों एवं राज्य सरकारों के वरिष्ठ प्रतिनिधियों के लिए एक साझा मंच प्रदान करेगा, जहाँ रबी 2025-26 की बुवाई सीज़न से संबंधित तैयारियों, उत्पादन लक्ष्यों और रणनीतियों पर गहन चर्चा होगी। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। इस अवसर पर विभिन्न राज्यों के कृषि मंत्री, सचिव (कृषि एवं किसान कल्याण), सचिव (डीएआरई) एवं महानिदेशक (आईसीएआर) सहित अन्य मंत्रालयों एवं विभागों तथा राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी भी सम्मेलन में भाग लेंगे। कृषि मंत्री श्री चौहान के निर्देश पर पहली बार रबी सम्मेलन दो दिन का हो रहा है जिसमें कृषि से संबंधित चुनौतियां तथा रबी मौसम की फसलों के किसानों को लाभ पहुंचाने की दृष्टि से विभिन्न प्रकार के विषयों पर चर्चा की जाएगी। पहले दिन केंद्र एवं राज्य स्तर के पदाधिकारी के बीच में महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी

# हिंदी दिवस पर छछानपैरी में हिंदी संगोष्ठी का आयोजन

## छछानपैरी स्कूल में मनाया गया हिंदी दिवस

**छछानपैरी-रायपुर।** चौदह सितंबर सन उन्नीस सौ उनचास को भारतीय संविधान सभा में हिंदी को राजभाषा के रूप में स्वीकार किया गया था। इसी कारण प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस का आयोजन वर्ष भर में किया जाता है। इसी तारतम्य में हिंदी के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से स्व. श्री आशाराम डहरिया शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छछानपैरी जिला रायपुर में हिंदी दिवस पर हिंदी संगोष्ठी का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व राजभाषा अधिकारी पथिक तारक उपस्थित रहे। उन्होंने हिंदी की सूक्ष्मताओं से सभा को अवगत कराते हुए कहा कि किस तरह धम्म लिपि से देवनागरी लिपि का विकास हुआ। उन्होंने बताया कि भारत में हिंदी भाषा के व्यवहार हेतु विभिन्न प्रांतों को श्रेणी में रखा गया है। ÷क÷ श्रेणी में हिंदी भाषी राज्यों को रखा गया है और साथ ही यह निर्देश किया गया है कि इस श्रेणी वाले राज्यों को अपना संपूर्ण कार्य हिंदी में ही करना अनिवार्य है। इसी ÷क÷ श्रेणी वाले राज्य में हमारा छत्तीसगढ़ भी है। कार्यक्रम में उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में मुकुटधर पांडे छायावाद के प्रवर्तक हैं। इसी तरह माधव राव सप्रे की कहानी टोकरी भर मिट्टी हिंदी की पहली कहानी है। माधवराव सप्रे के हिंदी के योगदान को स्मरण करते हुए उन्होंने कहा कि वह स्वयं मराठी होते हुए भी छत्तीसगढ़ के एक छोटे से स्थान पेंड्रा में रहकर उन्होंने छत्तीसगढ़ मित्र नामक पत्रिका का प्रकाशन किया, जो आज भी निरंतर जारी है। भाषा के विकास में मीडिया के योगदान की प्रशंसा करते हुए उन्होंने हरि ठाकुर के गीत जो कहीं देबे संदेश फिल्म के माध्यम से प्रसारित हुए और लोकप्रिय भी हुए। हिंदी के माध्यम से किस तरह से रोजगार प्राप्त किया जा सकता है इस विषय पर उन्होंने विस्तार से जानकारियां दी। कार्यक्रम में संस्था के व्याख्याता डॉ. लूनेश कुमार वर्मा ने बताया कि विश्व में सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषाओं में हिंदी तीसरी सबसे बड़ी भाषा के रूप में आज अपना स्थान बना चुकी है। अच्छा वक्ता बनाने के लिए अच्छा श्रोता होना आवश्यक है। इसी तरह अच्छा लेखक बनने के लिए अच्छे पाठक बनना आवश्यक है। कार्यक्रम में संस्था प्रमुख श्री एम.के. बंसोडे ने मुख्य वक्ता के उद्बोधन की प्रशंसा करते हुए कहा कि हिंदी से विषय बहुत सी नई जानकारियां आज प्राप्त हुई हैं । निश्चित रूप से इससे हमारा विद्यालय परिवार और समस्त बच्चे लाभान्वित होंगे। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षकों सहित कक्षा नवमी से 12वीं तक के समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# भारत तभी एक समावेशी और विकसित राष्ट्र बनेगा जब हमारी बेटियाँ शिक्षित और आत्मनिर्भर होंगी : लोकसभा अध्यक्ष

**'महिलाओं के नेतृत्व में विकास' और बाल कल्याण, 2047 तक विकसित भारत के विज़न की आधारशिला हैं : लोकसभा अध्यक्ष**

**नारी शक्ति वंदन अधिनियम केवल प्रतिनिधित्व का प्रावधान नहीं है, बल्कि महिलाओं को लोकतंत्र में उनका उचित स्थान दिलाने की ऐतिहासिक पहल है : लोकसभा अध्यक्ष**

**संविधान सभा की 15 महिला सदस्यों ने यह सुनिश्चित किया कि भारत का संविधान लैंगिक रूप से निष्पक्ष हो और समानता की आधारशिला बने : लोकसभा अध्यक्ष**

पीआईबी

लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण और बाल कल्याण पर आधारित 'महिलाओं के नेतृत्व में विकास'ही 2047 तक विकसित भारत के विज़न की आधारशिला है। तिरुपति में संसद और राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं की महिला सशक्तिकरण समितियों के प्रथम राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए श्री बिरला ने कहा कि भारत तभी एक समावेशी और विकसित राष्ट्र बनेगा जब हमारी बेटियाँ शिक्षित और आत्मनिर्भर होंगी।



इस सम्मेलन में 20 से अधिक राज्यों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन ÷विकसित भारत हेतु महिलाओं के नेतृत्व में विकास÷ विषय पर किया जा रहा है, जिसमें विशेष रूप से ÷लैंगिक उत्तरदायी बजट÷ और ÷उभरती प्रौद्योगिकियों की चुनौतियों का सामना करने हेतु महिलाओं का सशक्तिकरण÷पर ध्यान केंद्रित किया गया है। विचार-विमर्श का केंद्रबिंदु होगा–महिला नेतृत्व को सशक्त बनाना, शासन में उनकी भागीदारी बढ़ाना, समावेशी नीतियाँ सुनिश्चित करना और ऐसे भारत की परिकल्पना को आगे बढ़ाना जहाँ महिलाएँ केवल लाभार्थी ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय विकास की मुख्य निर्माता भी हों। श्री बिरला ने कहा कि महिला सशक्तिकरण पर समितियों का यह प्रथम राष्ट्रीय सम्मेलन भारत की लोकतांत्रिक यात्रा में एक ऐतिहासिक क्षण का प्रतीक है। ऐसे सम्मेलन, उन्होंने कहा, विचारों और अनुभवों के आदान-प्रदान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और समावेशी नीतिनिर्माण का मार्ग प्रशस्त करते हैं। इसने देशभर से सांसदों, नीति निर्माताओं और महिला नेताओं को एक साथ लाकर महिला नेतृत्व, समानता और जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में समावेशन के लिए सामूहिक रूप से रणनीतियाँ तय करने का अवसर प्रदान किया है।

श्री बिरला ने कहा कि तिरुपति सम्मेलन यह स्पष्ट और सशक्त संदेश देता है कि महिला सशक्तिकरण और बाल कल्याण परिधीय विषय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय प्रगति की आधारशिला हैं। पंचायत से लेकर संसद तक महिला नेतृत्व, समावेशी कानूनों और नीतियों तथा प्रत्येक महिला की आर्थिक स्वतंत्रता पर केंद्रित यह सम्मेलन 2047 तक विकसित भारत के विज़न को साकार करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है।

लोक सभा अध्यक्ष ने जोर देकर कहा कि महिला सशक्तिकरण किसी एक सम्मेलन की ही बात नहीं, बल्कि एक सतत प्रक्रिया है, जिसके लिए जीवन के प्रत्येक चरण में महिलाओं की आवश्यकताओं को संबोधित करने वाली व्यापक नीतियों की आवश्यकता है। उन्होंने पंचायत से लेकर संसद तक महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया और कहा कि नीति-निर्माण एवं कानून-निर्माण संस्थाओं में महिलाओं की उपस्थिति बढ़ाने से उन चुनौतियों और अवरोधों को दूर करने में मदद मिलेगी, जिनका महिलाओं ने ऐतिहासिक रूप से सामना किया है।

# महिलाओं की जांच, मातृ स्वास्थ्य सेवाएं, जीवनशैली संबंधी परामर्श, योग और आयुष आधारित अंत :क्षेप को मजबूत करने के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान

**राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों, स्वयं सहायता समूहों और संस्थानों द्वारा समग्र महिला स्वास्थ्य देखभाल के लिए समुदायों को संगठित करना**

आयुष मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा शुरू किए जा रहे राष्ट्रीय स्वास्थ्य अभियान, ''स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान'' में भाग ले रहा है । मंत्रालय, राज्य और केंद्र शासित प्रदेश प्रशासनों, आयुष अनुसंधान संस्थानों, शैक्षणिक संस्थानों, उद्योगों और निजी क्षेत्र, संघों, गैर-सरकारी संगठनों और सहकारी समितियों के सहयोग से महिलाओं के स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और विभिन्न बीमारियों की जांच के लिए अनेक कार्यक्रम आयोजित करेगा।

इस 16-दिवसीय अभियान में गैर-संचारी रोगों (एनसीडी), कैंसर, एनीमिया, तपेदिक और सिकल सेल रोग के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर; मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं; पोषण एवं स्वच्छता पर जागरूकता कार्यक्रम और जन स्वास्थ्य के प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए स्वैच्छिक रक्तदान अभियान शामिल होंगे। इस अभियान के तहत महिलाओं और बच्चों में एनीमिया, एनसीडी और पॉलीसिस्टिक ओवेरियन डिजीज (पीसीओडी) के लिए आयुष उपचार पर ध्यान दिया जाएगा।

यह राष्ट्रीय स्वास्थ्य अभियान जीवनशैली संबंधी परामर्श, योग सत्र और ''प्रकृति परीक्षण'' के लिए समर्पित कियोस्क के माध्यम से महिलाओं के स्वास्थ्य और सशक्तिकरण पर केंद्रित होगा। राज्य और केंद्र शासित प्रदेश स्कूलों में जागरूकता शिविर, रेडियो और टेलीविजन कार्यक्रमों के साथ-साथ सोशल मीडिया पर अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ेंगे। लोगों को घरेलू उपचार और पोषण किट वितरित किए जाएंगे जबकि महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए सामान्य औषधीय पौधों और हर्बल चाय के स्वास्थ्य लाभों के बारे में विभिन्न कार्यक्रमों द्वारा बताया जाएगा। यह अभियान आयुर्वेद-प्रेरित स्वास्थ्य कार्यक्रमों और योग-आधारित बचाव विधियों के माध्यम से कॉर्पोरेट बर्नआउट का मुकाबला करने पर भी ज़ोर देता है।

स्वयं सहायता समूह पंचायत स्तर पर समुदायों को संगठित करने के लिए जागरूकता रैलियां और शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित करेंगे। यह अभियान गर्भावस्था से लेकर प्रशामक देखभाल तक, महिलाओं के लिए व्यापक स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करेगा। इसके तहत, एनीमिया मुक्त महिलाएं, स्वस्थ मां, तनाव मुक्त महिलाएं, हर्बल पोषण और हड्डियों के स्वास्थ्य जैसे विषयों पर दैनिक आयुष स्वास्थ्य सुझाव सोशल मीडिया पर साझा किए जाएंगे ताकि महिलाओं को अपनी स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं का प्रभावी ढंग से समाधान करने में मदद मिल सके।

# चाकू की नोक पर ब्यापारी से 10 लाख रूपये लूट के आरोपी सपड़ाये

### पुलिस अधीक्षक ने प्रेस वार्ता लेकर किया खुलासा

### आरोपियों के कब्जे से लूट की रकम नगदी 10 लाख 44 हजार रूपये एवं घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल बरामद



**जांजगीर चांपा** / सप्ताह भर पहले व्यापारी से रात्री में चाकू की नोक से लूट की घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों को पुलिस ने धर दबोचा है जिसका खुलासा आज पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय ने प्रेस वार्ता में किया है । पकड़े गए आरोपीयों में मुकेश कुमार पिता श्रीराम सूर्यवंशी दर्रीपार नैला , नितेश उर्फविक्की पंडित पिता उमेश पंडित अमोरा मुलमुला , एक विधि विरुद्ध संघर्षरत बालक शामिल है जबकि चौथा आरोपी फरार है । मामले का विवरण इस प्रकार है कि दिनांक घटना 6.सितंबर 2025 को एक व्यापारी प्रार्थी अरुण कुमार अग्रवाल निवासी नैला अपने नैला दुकान से दुकानदारी करके बैग में लाखों रूपये को लेकर स्कूटी में घर जा रहा था तभी लगभग रात्रि 9.15 बजे के आस पास नैला गली के पास पहुंचा तभी पूर्व में आरोपीगण लूट की घटना को अंजाम देने के लिए छिपे थे । व्यापारी जैसे से गली तरफपहुंचा तो आरोपियों द्वारा उसे स्कूटी से गिराकर चाकू दिखाकर उसके बैग में रखे लाखों रूपये को लेकर फरार हो गए । इसकी सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय आईपीएस सहित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप एवं सीएसपी जांजगीर श्रीमती कविता' ठाकुर घटना स्थल पहुंचकर बारीकी से निरीक्षण किया तथा तत्काल आरोपियों की पातासाजी के लिए रात्रि में ही साइबर टीम जांजगीर तथा चैकी नैला की अलग टीम गठित किया गया था। गठित टीमों का नेतृत्वकर्ता अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप एवं सीएसपी श्रीमती कविता ठाकुर द्वारा लगातार टीमों के अधिकारियों से संपर्क में रहकर उनको मार्गदर्शन देते रहे । इसी दौरान सायबर टीम जांजीगर के गोपनीय सूत्र के सूचना और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर व्यापारी के दुकान में पूर्व में काम करने वाले मास्टर माइंड' एक विधि विरुद्ध संघर्षरत बालक एवं क्षेत्र के आदतन बदमाश 'मुकेश सूर्यवंशी' तथा 'नितेश पंडित उर्फ विक्की' को पुलिस द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा , जिससे कडाई से पूछताछ करने पर 17 दिन पहले 4 साथियों के साथ लूट की प्लानिंग करना, उसी प्लान के अनुसार घटना को अंजाम देकर फरार होना स्वीकार किये। आरोपियों को उनके सकूनत से पकड़ा जाकर लूट की रकम नगदी 10 लाख 44 हजार रुपए एवं घटना में प्रयुक्त चाकू, सर्जिकल ब्लेड स्कूटी को बरामद किया जाकर आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा रहा है। बोडसरा शराब दुकान से चोरी का भी हुआ खुलासा / इस मामले में आरोपीयों को पकड़े जाने के बाद 18 जुलाई 2025 को नैला के समीप स्थित बोड़सरा शराब से ताला तोड़कर चोरी का भी खुलासा हुआ है जिसमें 2.40 लाख रुपए दुकान से पार कर दिए थे, उक्त घटना को भी अंजाम देने की स्वीकारोक्ति आरोपियों द्वारा की गई है ।

**गठित टीम ने निभाई विशेष भूमिका /** इस प्रकार गठित टीम में शामिल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के नेतृत्व में नैला व्यापारी से लाखों रुपए की नगदी रकम लूट के अज्ञात शातिर लूटेरों को 07 दिन में गिरफ्तार कर लूटेरों का पर्दाफाश करने में निरीक्षक पारस पटेल थाना प्रभारी मुलमुला, साइबर टीम सउनि विवेक सिंह, प्र.आर. मनोज तिग्गा, विवेक सिंह, आर. प्रदीप दुबे, गिरीश कश्यप, माखन साहू, श्रीकांत सिंह, रोहीत कहरा, विशाल कौशिक, सिदार सिंह पैंकरा, आनंद सिंह ठाकुर, म.आर. दिव्या सिंह, रिस्पॉन्स टीम से आर दीपक कश्यप, आशीष यादव, चौकी नैला प्रभारी उप निरीक्षक विनोद जाटवर, प्र.आर. भीम श्रीवास, रुद्र कश्यप, अजय, महिला प्रधान आरक्षक राजकुमारी, आर. द्वारिका साहू, डी.के.साहू, महिला आरक्षक निरमा टोप्पो, थाना चाम्पा से सउनि अरुण सिंह, वीरेंद्र टंडन, थाना जांजगीर से प्र.आर. राजकुमार चंद्रा थाना चाम्पा से प्रआर. वीरेंद्र टंडन, आर. शिवराय सागर, अश्वनी मार्बल, आर. नितिन द्विवेदी तथा चौकी स्टाफका विशेष भूमिका रही।

## डिप्टी सीएम अरुण साव को नैला जांजगीर दूर्गा पूजा उत्सव में आने दिया न्यौता



**जांजगीर चांपा /** श्री श्री दूर्गा पूजा उत्सव समिती नैला जांजगीर द्वारा जांजगीर पहुंचे प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री अरुण साव को नैला जांजगीर दूर्गा पूजा उत्सव में शामिल होने का न्यौता दिया है । माता रानी के परम सेवक राजेश पालीवाल के नेतृत्व मे वरिष्ठ भाजप नेता प्रशांत सिंह ठाकुर के निवास मे भेंट कर कार्यक्रम मे आमंत्रण देकर शामिल होने का आग्रह किया । उनके साथ भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल , समाजसेवी प्रदीप गोयल , मनोज गुप्ता , किशोर गुप्ता , विक्रम पालीवाल , संदीप शर्मा , प्रदीप सोनी , अमित मितल , अंकित बसाईवाल, संजय भोपालपूरिया सहित माता रानी के अनेक सेवक उपस्थित रहे ।

## लाखों रूपये का अवैध मादक पदार्थ गांजा के साथ दो आरोपियों को शिवरीनारायण पुलिस ने दबोचा



### आरोपियों के कब्जे से 22 किलो 850 ग्राम गांजा कीमती 4,74,000 रुपए एवं परिवहन में प्रयुक्त कार बरामद

**जांजगीर चांपा /**

लाखों रुपए की अवैध मादक पदार्थ गांजा के साथ दो आरोपीयों को शिवरीनारायण पुलिस ने दबोचा है । ज्ञात हो कि पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय आईपीएस के निर्देशन में जांजगीर चांपा पुलिस द्वारा नशे के खिलाफसख्त कार्रवाई की जा रही है ।

इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के कुशल मार्गदर्शन थाना शिवरीनारायण पुलिस को आज दिनांक 14 सितंबर 25 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुआ कि 2 व्यक्ति द्वारा कार में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखा है । इसकी सूचना पर थाना शिवरीनारायण पुलिस द्वारा एसडीओपी चांपा यदुमणि सिदार के नेतृत्व में रेड कार्यवाही कर दोनों आरोपियों को पकड़ा जिसके कब्जे से से 22.850 किलो गांजा एवं परिवहन में प्रयुक्त कार CG 10 ₣ 1143 को जप्त किया जाकर आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। पकड़े गए आरोपीयों में बबलू कुमार साहु पिता रामकुमार साहु उम्र 25 वर्ष निवासी लवन थाना लवन जिला बलौदाबाजार- भाठापारा (छ.ग.) , अर्जुन चंद्राकर पिता नरोत्तम चंद्राकर उम्र 24 वर्ष नि. लवन थाना लवन जिला बलौदा बाजार- भाठापारा (छ.ग.) शामिल है । उपरोक्त कार्यवाही में निरी प्रवीण कुमार द्विवेदी थाना प्रभारी शिवरीनारायण एवं स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

## साठ लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी को पामगढ़ पुलिस ने पकड़ा

**जांजगीर चांपा** / साठ लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी को पामगढ़ पुलिस ने पकड़ा है। ज्ञात हो कि विजय कुमार पाण्डेय आईपीएस पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा के निर्देशन में जिले में अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लाने के लिए जिला पुलिस जांजगीर द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है । इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप एवं डीएसपी अजाक जितेंद्र खुटे के मार्गदर्शन में थाना पामगढ़ पुलिस द्वारा अवैध शराब बिक्री करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही किया गया जिसमें मुखबिर सूचना पर आज दिनांक 14 सितंबर 2025 को रेड कार्यवाही कर आरोपी सत्यप्रकाश दिवाकर सद्भावना भवन के पास पामगढ़ थाना पामगढ़ के कब्जे कुल 60 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब कीमती 12000/? रुपये को बरामद कर आरोपी के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का घटित करना पाए जाने से विधिवत कार्यवाही कर थाना पामगढ़ में अपराध क्रमांक 425/25 धारा 34(2)आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।



उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक मनोहर सिन्हा थाना प्रभारी पामगढ़, प्रधान आर राजेश कोशले, आर. श्याम सरोज ओगरे, महेन्द्र राज, म. आर. अजिमा बंजारे एव महिला सैनिक ममता कश्यप थाना पामगढ़ का योगदान रहा।

## बढ़े बिजली बिल से घर चलाना हुआ मुश्किल : अंजली घावड़े

राजनांदगांव। बढ़े हुए बिजली बिल पर छुरिया जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती अंजली रामगुलाल घावडे ने कहा है कि आम आदमी की जेब में डाका डाला जा रहा है। पहले से महंगाई बढ़ी हुई है। उसके बाद बिजली बिल दोगुने, तिगुने आने से गृहणियों को घर चलाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बढ़े हुए बिजली बिल ने आम लोगों का बजट बिगाड़कर रख दिया है। 100 यूनिट तक बिजली पर हाफयोजना का लाभ मिलने की बात सरकार द्वारा की गई है वहीं 101 यूनिट चलने पर पूरा बिल देना पड़ेगा। वर्तमान समय में अधिकांश घरों में बिजली की खपत लगभग 200 से 300 यूनिट की होती है।

# भाजपा ग्रामीण पश्चिम मंडल ने सेवा पखवाड़ा हेतु कार्यशाला किया



**राजनांदगांव।**केंद्रीय नेतृत्व के आव्हान में जिला भाजपा *कोमल सिंह राजपूत जी* के निर्देशानुसार भाजपा ग्रामीण पश्चिम मंडल राजनांदगांव अध्यक्ष *मनोज साहू*के नेतृत्व में *सेवा पखवाड़ा* मनाने संबंधी मंडल कार्यशाला सामुदायिक भवन मनकी में रखा गया जिसमें मुख्य वक्ता माननीय *मधुसुदन यादव जी* महापौर राजनांदगांव ने उद्बोधन में कहा कि मंडल के सभी कर्मठ कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि को दिनांक 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा कार्य करना है जिसमें सभी बूथों में *स्वच्छता अभियान, एक पेड़ मां के नाम ,पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती,के साथ मंडल स्तरीय रक्तदान, स्वास्थ शिविर,एवं 2 अक्टूबर की गांधी जयंती,शास्त्री जी के जयंती पर संगोष्ठी सभा* रख कर सेवा पखवाड़ा का कार्यक्रम करना है उक्त आयोजन में जनपद अध्यक्ष श्री मति प्रतिमा पप्पू चंद्राकर, जिला पंचायत सभापति देवकुमारी साहू, पुर्व मंडल अध्यक्ष रोहित चन्द्राकार, मंडल वरिष्ठ कृष्णा कुमार वैष्णव, जनपद सभापति पुष्पा उईके, खुशबू साहू,राजेन्द्र ठाकुर, महिला मोर्चअध्यक्ष पुष्पा गायकवाड ,मंडल पदाधिकारी मोती देवांगन बलराम निर्मलकर,रमेश चंद्राकर, मुकेश साहू, मंडल सेवा पखवाड़ा प्रभारी हेमदीप साहू, हेमलाल साहू, कोमल टंडन,गोविंद वर्मा, कृष्णा साहू, तेजराम देवांगन, देवल साहू ,हिपेंद्र साहू , राकेश साहू, टुकेश्वर साहू, जितेंद्र साहू, सरपंच अनामिका यादव, लोकेश सेन,उत्तम साहू, संतोष साहू, सेवा राम साहू, ज्ञानिक साहू, सहित बड़ी संख्या बूथ अध्यक्ष, सरपंचगण, शक्ति केंद्र प्रमुख उपस्थित रहें

कार्यक्रम का सफल संचालन महामंत्री बलराम निर्मलकर एवं मोती देवांगन ने किया।

# आत्म हत्या के लिए उत्प्रेरित करने के मामले में दो आरोपियों को मुलमुला पुलिस ने पकड़ा

### राजीनामा होने हेतु 50 हजार रुपए की मांग नही देने पर नौकरी से निकलावने की धमकी देने किया गया था प्रताडित



**जांजगीर चांपा** / आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करने के मामले में मुलमुला पुलिस ने दो आरोपीयों को पकड़ा है । मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि मृतक धन्नु यादव उम्र 23 वर्ष निवासी नरियरा भाठापारा द्वारा दिनांक 11 सितंबर 2025 को फांसी लगाकर आत्म हत्या करने के मामले में मर्ग पंजीबद्ध कर जांच पंचनामा कार्यवाही में लिया गया था । जांच किया गया जिसमें आरोपी लक्ष्मण निर्मलकर एवं रवि निर्मलकर के द्वारा गणेश विसर्जन के दिन हुये विवाद झगडा लडाई की बात को लेकर पंजीबध्द प्रकरण में राजीनामा होने के लिये 50 हजार रूपये की मांग करना , नही देने पर झूठे केस में फंसा देना , जेल भिजवा देने एंव नगर पालिका की नौकरी से निकलवाने की धमकी देने के कारण मृतक धन्नु यादव परेशान होकर फांसी लगाना पाया गया । फांसी के पूर्व विडियो बनाकर नगर पचायत ग्रुप में भेजना एवं उसके आडियो में दोनो से परेशान होकर फांसी लगाना पाये जाने से उक्त अपराध क्रमांक 292/25 धारा 108, 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना दौरान गवाहों एंव परिस्थितजन्य साक्ष्यों के अधार पर आरोपीगणों के द्वारा अपराध घटित करना पाये जाने से आरोपीगण लक्ष्मण निर्मलकर पिता जीवन निर्मलकर उम्र 32 वर्ष, रवि निर्मलकर पिता जीवन निर्मलकर उम्र 37 वर्ष दोनो निवासी ग्राम नरियरा भाठापारा थाना मुलमुला के विरूद्ध अपराध सबूत पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार किया न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही मे उप निरी. पारस पटेल थाना प्रभारी मुलमुला, सउनि प्रमोद महार, प्र.आर. बलबीर सिंह , म.प्र.आर. बालमती यादव आर. राजेन्द्र राठौर, प्रकाश द्विवेदी का सराहनीय योगदान रहा।

# विभाग व ठेकेदार की भ्रष्टाचार और लापरवाही उजागर

### पहली बारिश में ही उखडी साढ़े चार करोड़ की सड़क



**राजनांदगांव।**

राज्य सरकार द्वारा निर्माण कामों में गुणवत्ता बरतने के भले ही लाख दावे किए जा रहे हैं, लेकिन हाईप्रोफाइल जिले में राज्य सरकार के इस दावे की पोल खुलते दिखाई दे रही है। हाल ही में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना द्वारा साढ़े चार करोड़ रुपए की लागत से बन रही खुटेरी से सुरगी तक की सड़क पहली बारिश में ही उखड़ गई है। हालात यह है कि गुणवत्ताहीन काम पर पर्दा डालने के लिए ठेकेदार द्वारा नई सड़क में मुरूम, ऑइल, डाली जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना द्वारा खुटेरी से सुरगी तक 11 किलोमीटर सड़क का निर्माण काम इसी साल पूरा कराया गया है। चार करोड़ 49 लाख 82 हजार रुपए की लागत से निर्मित इस सड़क का ठेका पिछले साल राजकान इंजीनियरिंग प्राईवेट लिमिटेड दुर्ग को दिया गया था। ठेकेदार ने पिछले मार्च माह से काम शुरू किया और तीन माह के भीतर ही सड़क का निर्माण काम पूरा कर लिया गया।

**नई सड़क पर डाल रहे मुरूम**

सड़क निर्माण में गुणवता की अनदेखी किए जाने के चलते पहली बारिश में ही नवनिर्मित सड़क में कई स्थानों पर गड्ढे हो गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पहली बारिश में ही सड़क पर दरारें और गड्ढे हो गए हैं। गड़बड़ी पर पर्दा डालने शिवनाथ नदी भर्रेगांव पुल के पास गड्ढे को पाटने के लिए मुरूम डाला गया है। ग्राम आरला के पास भी गड्ढो को भरने के लिए मुरूम को डाला गया है।

# अपने भाई के जमीन को कब्जाने के लिए फर्जी मृत्यु प्रमाण-पत्र तैयार करने वाला एक आरोपी गिरफ्तार



**जांजगीर चांपा** / अपने भाई की जमीन को हथियाने के लिए फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र तैयार करने वाले आरोपी को अकलतरा पुलिस ने पकड़ा है । मामले में मिली जानकारी अनुसार प्रार्थीया अर्चना खण्डेल ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसके पति की मृत्यु दिनांक 20 सितंबर 2022 को जिला अस्पताल दंतेवाडा में हो गया था । इसके देवर देवेन्द्र खण्डेल एवं एक अन्य के द्वारा झूठा शपथ पत्र प्रस्तुत करते हुए प्रार्थीया के पति रामेश्वर प्रसाद खण्डेल की मृत्यु को अकलतरा में दिनांक 20 सितंबर 2022 में होना बताकर नगर पालिका अकलतरा से प्रार्थीया के पति रामेश्वर प्रसाद खण्डेल का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करा लिया । उक्त जारी किये गये मृत्यु प्रमाण पत्र को आरोपी देवेन्द्र खण्डेल एवं एक अन्य आरोपी के द्वारा तहसील न्यायालय अकलतरा में राजस्व प्रकरण सन् 2022 -2023 में व प्रार्थीया को दूसरा विवाह कर लेना बताकर तहसील न्यायालय अकलतरा में झूठा आवेदन और शपथ पत्र दिये परन्तु ओरिजनल मृत्यु प्रमाण पत्र दंतेवाडा से बना था । इसकी रिपोर्ट पर अपराध धारा कायम कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण की सूचना वरिष्ठ अधिकारीगण को देने पर पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय आईपीएस एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय उमेश कश्यप तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अकलतरा प्रदीप सोरी के द्वारा प्रकरण के जल्द निराकरण हेतु आरोपी की गिरफ्तार करने हेतु निर्देश प्राप्त हुआ । आरोपी देवेन्द्र खण्डेल को पकड़ा जिसको हिरासत मे लेकर पूछताछ करने पर अपराध करना जुर्म स्वीकार करने पर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक भास्कर शर्मा थाना प्रभारी अकलतरा एवं स्टाफका सराहनीय योगदान रहा।

## खास खबर

### (कोरबा) कोरबा गोलीकांड: जांच को लेकर पुलिस और सीएएफ में तालमेल की कमी

कोरबा कोरबा में 10 सितंबर को हुए गोलीकांड में अब जांच को लेकर सवाल उठ रहे हैं। इस घटना में 13वीं बटालियन के कांस्टेबल शेशराम बिंझवार ने अपनी इंसास राइफल से चाचा ससुर और साली पर तीन राउंड फायरिंग की थी। घटना के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया था।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतीश ठाकुर ने कहा कि गोली चलाने वाला बाथ् का कांस्टेबल था, इसलिए जांच 13वीं बटालियन बागों की टीम करेगी। लेकिन 13वीं बटालियन बागों के एसपी पंकज चंद्रा ने कहा कि जांच के लिए पुलिस विभाग से कोई प्रतिवेदन नहीं मिला है, जिससे जांच की प्रक्रिया शुरू नहीं की जा सकी है।

अब सवाल यह उठ रहा है कि इंसास राइफल से चली गोली की जांच को लेकर पुलिस और बाथ् कितनी गंभीर है। सामान्य प्रक्रिया के अनुसार पहले स्तर पर जांच पुलिस अधिकारी करते हैं और उसके बाद बाथ् की टीम तकनीकी जांच करती है। लेकिन इस मामले में दोनों के बीच तालमेल की कमी दिखाई दे रही है। देखना होगा कि पुलिस और बाथ् इस मामले में आगे क्या कार्रवाई करते हैं और जांच की प्रक्रिया कैसे आगे बढ़ती है। घटना के समय शस्त्र विभाग से ड्यूटी पर मिलने वाले खबरीलाल की भूमिका भी जांच का विषय हो सकती है।

### बिहान योजना अंतर्गत जनपद स्तरीय महिला उद्यमी ऋण मेला आयोजित

कोरबा,। जिला पंचायत कोरबा के तत्वाधान में बिहान योजना अंतर्गत 8 सितंबर से 12 सितंबर 2025 तक जनपद स्तरीय महिला उद्यमी ऋण मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें सभी 5 जनपद में से जनपद कोरबा, कटघोरा, करतला, पाली एवं पोडी-उपरोड़ा के बैंकों से कुल 121 व्यक्तिगत महिला उद्यमीयों को 130.30 लाख का उद्यम ऋण की स्वीकृति प्रदाय किया गया एवं 11 उद्यमी को 10.40 लाख की राशि का वितरण किया गया। उक्त जनपद स्तरीय महिला उद्यमी ऋण मेला जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ, जिसमे कोरबा जनपद पंचायत में 38.10 लाख, 35 उद्यमी, कटघोरा जनपद पंचायत में 22.20 लाख, 20 उद्यमी, करतला जनपद पंचायत में 23 लाख, 19 उद्यमी, पाली जनपद पंचायत में 26 लाख, 26 उद्यमी, एवं पोड़ी-उपरोड़ा जनपद पंचायत में 21 लाख, 21 उद्यमी को स्वीकृत किया गया।

### अधेड़ ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

कोरबा, जिले के ग्राम तिलकेजा के बटहा खार से आत्महत्या का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार 55 वर्षीय हरियल राम सोनवानी ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों के अनुसार मृतक सामान्य रूप से खेतों में काम करता था, लेकिन हाल के दिनों में वह कुछ तनाव में दिख रहा था। पुलिस परिजनों से पूछताछ कर रही है ताकि आत्महत्या के पीछे की वजह स्पष्ट हो सके।

# युक्ति युक्तकरण की प्रक्रिया से दूरस्थ ग्राम लैंगी के हाई स्कूल को मिला अंग्रेजी और हिन्दी का व्याख्याता

कोरबा संवाददाता।

**चौदह साल पहले इस गाँव में हाई स्कूल खुला तो यह सिर्फ एक गाँव के विद्यार्थियों के लिए ही नहीं था। आसपास के अनेक गाँव के विद्यार्थियों के भविष्य को बदलने के साथ ही उन्हें नई दिशा में ले जाने वाला वह जरिया भी था, जिसमे उनके माता पिता की उम्मीद टिकी थी।**

आज भी इस विद्यालय में दूरदराज गाँव के विद्यार्थी पढ़ाई करते हैं और इन विद्यार्थियों के माता-पिता का ख्वाब होता है कि स्कूल में उनके बच्चे अच्छे से पढ़ाई करें, आगे बढ़े और बेहतर भविष्य बनाएं, लेकिन दुर्भाग्य से इस विद्यालय में हिन्दी और अंग्रेजी जैसी महत्वपूर्ण विषयों के व्यख्याताओं की कमी थी। हिन्दी और अंग्रेजी विषय के शिक्षक नहीं होने का खामियाजा यहाँ पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों को ही उठाना पड़ रहा था। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा अतिशेष शिक्षको के अन्य विद्यालयों में समायोजन से वनांचल क्षेत्र के दूरस्थ विद्यालय की तस्वीर बदल गई। वर्षो से रिक्त हिन्दी और अंग्रेजी विषय के व्याख्याता इस विद्यालय को मिले तो यहाँ खुशियों के बीच नियमित कक्षाएं भी लगने लगी हैं। कोरबा जिले से लगभग 115 किलोमीटर दूर अन्तिमछोर के गाँव लैंगी में वर्ष 2011 में हाई स्कूल खोला गया था। यहाँ से अन्य हाई स्कूल की दूरी और दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को शिक्षा से जोड़कर उन्हें आगे बढ़ाने के उद्देश्य से जब इस विद्यालय को प्रारंभ किया गया तो आसपास क्षेत्र के लोगों में बहुत खुशी थीं। यह खुशी आज भी कायम है क्योंकि यहीं एक स्कूल है, जो कि उनके बच्चों को उच्च शिक्षा से जोड़ने का काम करती है। लैंगी के इस विद्यालय में आसपास के गाँव अमझर, पोड़ी कला, दुल्लापुर, तराई नार, पिपरिया, इमली बरहा, लैंगी,कोड़गार सहित आसपास के गाँव से बच्चे पढ़ाई करने आते हैं। वर्तमान में यहाँ कुल 46 विद्यार्थी है जो नवमीं और दसवीं की पढ़ाई करते हैं।





यहाँ के प्राचार्य श्यामलाल अश्विनी बताते हैं कि वर्ष 2011 से संचालित इस विद्यालय में विगत हिन्दी और अंग्रेजी के नियमित व्याख्याता नहीं थे। इसका असर विद्यार्थियों के अध्यापन व्यवस्था पर भी पड़ा। उन्होंने बताया कि आसपास के दर्जनों गांवों से विद्यार्थी यहाँ पढ़ाई करने आते हैं। यह स्कूल उनके लिए बहुत महत्वपूर्ण और उनकी उम्मीदों और सपनों से जुड़ा है। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा की गई युक्ति युक्तकरण की प्रक्रिया से हमारे विद्यालय को हिन्दी और अंग्रेजी विषय के व्याख्याता मिले हैं। उनके यहाँ पदस्थ होने से विद्यार्थियों सहित विद्यालय परिवार को भी राहत और खुशी मिली है। इधर बहुत ही दूरस्थ क्षेत्रों से सफर कर हाई स्कूल आने वाली छात्राओं में भी खुशी है कि स्कूल में हिन्दी और अंग्रेजों के शिक्षक है। कक्षा दसवों में पढ़ाई करने वाली समीना,कल्याणी और सोनी मार्कों ने बताया कि हम आगे भी पढ़ाई करना चाहती है, इसलिए रोजाना स्कूल आते हैं। यहाँ स्कूल खुलने के बाद हिंदी और अंग्रेजी विषय के शिक्षक आ गए हैं, इसलिए उनका क्लास भी होने लगा है। उन्होंने बताया कि गत वर्ष शिक्षको की कमी का उनको नुकसान हुआ है। शासन ने अच्छा कदम उठाया है कि हमारे स्कूल में नए शिक्षक आ गए हैं। उन्होंने बताया कि क्लास में गणित, विज्ञान सहित अन्य विषयों की भी नियमित पढ़ाई होती है। कक्षा नवमी के दीपक ने बताया कि अंग्रेजी और गणित विषयों के शिक्षक तो होने ही चाहिए, शुक्र है कि मैं यहाँ नवमी पढ़ने आया तो मुझे सभी शिक्षक मिल गए हैं।

इसी तरह ही कक्षा 9वीं की छात्रा कुमारी कांति, प्रयंका कुमारी, अनु कुमारी, सुकुमारी, जमीना, छात्र विशाल, प्रेम सिंह, जगतपालमोहन सिंह सहित अन्य विद्यार्थियों ने भी युक्ति युक्तकरण से हुई शिक्षको की पदस्थापना पर खुशी जताई। विद्यालय में युक्ति युक्तकरण से पदस्थ अंग्रेजी विषय के व्याख्याता विनोद कुमार साहू और हिन्दी के व्याख्याता दिनेश कुमार यादव का कहना है कि जॉइनिंग के बाद वे नियमित कक्षाएं लेते हैं और विद्यार्थियों को अच्छे से अध्यापन कर उन्हें आगे बढ़ाने और बेहतर भविष्य बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं।

# चिर्रा से श्यांग, पूरी होगी सड़क की मांग, काम हुआ शुरू

- 0 वर्षो पुरानी मांग होगी पूरी
- 0 डीएमएफसे किया गया 9 करोड़ 35 लाख का प्रावधान
- 0 वनांचल क्षेत्रों के दर्जनों गांव के लोगों को मिलेगा बेहतर आवागमन

कोरबा संवाददाता




कोरबा विकासखंड अंतर्गत वनांचल क्षेत्र चिर्रा से श्यांग तक की दूरी लगभग 12 किलोमीटर है। हाथी प्रभावित होने के साथ ही मुख्यालय से लगभग 60 किलोमीटर दूर इस सड़क की स्थिति विगत एक दशक से अधिक समय से जर्जर है। सड़क जर्जर होने की वजह से इस क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक गांव के लोगों को आवागमन में बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। बारिश के समय इस मार्ग में कीचड़ और गर्मी के समय में धूल का गुबार उठने से राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ती है। वर्षों से इस मार्ग को बनाने की मांग ग्रामीण करते आ रहे हैं। लेकिन चिर्रा से श्यांग मार्ग में पक्की सड़क नहीं बन पाई थी। शहर से दूर चिर्रा और श्यांग क्षेत्र के ग्रामीणों की मांग को ध्यान में रखते हुए इस मार्ग को जिला खनिज संस्थान न्यास से बनाने का निर्णय लिया गया है। इस मार्ग के लिए 9 करोड़ 35 लाख की राशि स्वीकृत की गई है। लोक निर्माण विभाग द्वारा निविदा प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद बारिश की वजह से काम प्रारंभ नहीं किया गया था। अब बारिश के कम होते ही पीडब्ल्यूडी द्वारा सर्वे सहित अन्य प्रक्रिया प्रारंभ कर दिया गया है।

जिला खनिज संस्थान न्यास के माध्यम से कोरबा जिले के खनन प्रभावित क्षेत्र सहित दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में विकास की नींव रखी जा रही है। वनांचल क्षेत्रों के लोगों को बेहतर आवागमन मुहैया कराने अति आवश्यक सड़कों का निर्माण करने की पहल की गई है। डीएमएफ की बैठक में अध्यक्ष एवं कलेक्टर श्री अजीत वसंत द्वारा सदस्यों के बीच चिर्रा से श्यांग मार्ग हेतु डीएमएफ से राशि का प्रावधान रखा गया है। कोरबा ब्लॉक के अंतर्गत चिर्रा से श्यांग की दूरी लगभग 12 किलोमीटर है। इस मार्ग से गुरमा एवं श्यांग होकर धरमजयगढ़ पहुंचा जा सकता है। मार्ग के बनने से इस क्षेत्र में मौजूद गांव सिमकेदा, विमलता, चिर्रा, गीतकंवारी, लबेद, तीतरडांड, गिरारी सहित इस क्षेत्र में आवागमन करने वाले लोगों को लाभ मिलेगा। मार्ग की स्थिति जर्जर होने की वजह से शाम होते ही यहां आवागमन बंद सा हो जाता है। बारिश होने के साथ ही मार्ग में कीचड़ और वाहन फंसने से वाहन चालक परेशान होते हैं। डीएमएफ से सड़क निर्माण के लिए लगभग 9 करोड़ 35 लाख की राशि स्वीकृत किये जाने पर क्षेत्र के ग्रामीणों में खुशी है। मार्ग से आवागमन कर रहे श्री परमेश्वर बंजारे, श्री बी एल पटेल, ग्रामीण रामकुमार, गणेश राम ने कहा कि वे इस मार्ग से कोरबा शहर की ओर जरूरी काम से जाते हैं। कई बार लौटने में विलंब हो जाता है। इस दौरान हाथी प्रभावित क्षेत्र होने तथा बारिश में मार्ग कीचड़ से लथपथ होने की वजह से डर बना रहता है। अब सड़क निर्माण की प्रक्रिया शुरू होने से खुशी है कि जल्दी ही हम लोगों को पक्की सड़क नसीब हो पायेगी और आवागमन आसान होगा।

# अधिग्रहित ग्राम हरदीबाजार के ग्रामीणों का अल्टीमेटम, 7 प्रमुख मांगों पर अड़े

**कोरबा (आरएनएस)।** दीपका परियोजना के अंतर्गत अधिग्रहित ग्राम हरदीबाजार के ग्रामीणों ने अपनी मांगों को लेकर बड़ा अल्टीमेटम जारी किया है। ग्राम पंचायत व ग्रामीणों ने साफकिया है कि जब तक उनकी सातों प्रमुख मांगों पर लिखित समझौता नहीं होता, तब तक किसी भी तरह का सर्वे या मकान तोड़ने की कार्यवाही नहीं होने दी जाएगी।

ग्रामीणों ने पुनर्वास स्थल पर नाली, पानी, बिजली, सड़क, हाट-बाजार, खेल मैदान और सभी विभागों के कार्यालय उपलब्ध कराने की मांग रखी है। साथ ही हाईकोर्ट बिलासपुर के आदेश के अनुसार प्रत्येक प्रभावित परिवार को एसईसीएल दीपका परियोजना में नौकरी देने पर जोर दिया है। इसके अलावा ग्रामीणों ने 2004 और 2010 में नामांतरणध्प्रमाणीकरण कराने वाले सभी जमीन मालिकों को 100: मुआवजा देने की मांग की है। उनका कहना है कि मकानों और संपत्तियों की नापी के समय ही मुआवजा राशि और मालिकाना हक का पट्टा दिया जाए।

ग्रामीणों का यह भी कहना है कि सरकारी आदेशों के अनुसार मकान तोड़ने से पहले एकमुश्त मुआवजा देना अनिवार्य किया जाए। साथ ही अनुसूचित क्षेत्र में पेसा एक्ट के तहत अधिग्रहण और पुनर्वास की प्रक्रिया ग्राम पंचायत व ग्रामसभा की सहमति से ही पूरी की जाए। ग्रामीणों की सातवीं प्रमुख मांग यह है कि जिन परिवारों के मकान तोड़े जाएंगे, उन्हें उसी दिन मुआवजा राशि दी जाए और स्थानीय बेरोजगारों को निजी कंपनियों में तत्काल नौकरी उपलब्ध कराई जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर ठोस और लिखित समझौता नहीं होता, तो वे किसी भी प्रकार की परियोजना कार्यवाही नहीं होने देंगे।

## सरकार व लोगों की इच्छा शक्ति से तय होते हैं विकास

**कोरबा,** थावे विद्यापीठ गोपालगंज बिहार के कुलपति डॉक्टर विनय पाठक ने कहा है कि सरकार के साथ-साथ लोगों की इच्छा शक्ति होने से कोई भी क्षेत्र विकास के मामले में आगे बढ़ता है और ऐसा करने से उसे कोई नहीं रोक सकता। छत्तीसगढ़ में समग्र विकास की जो तस्वीर बनी हुई है उसके पीछे इस प्रकार के फैक्टर का अपना विशेष योगदान रहा है। डॉ पाठक मुख्य अतिथि के रूप में एक संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे जिसका आयोजन शासकीय ग्रामीण भारती विद्यापीठ कॉलेज हरदी बाजार ने किया। छत्तीसगढ़ राज्य के 25वर्ष अतीत वर्तमान और कालांतर के विषय में आयोजित रजत जयंती समारोह के उपलक्ष्य में यह संगोष्ठी रखी गई। श्री पाठक ने इस अवसर पर कहा की इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ-साथ मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के अलावा बहुत सारे ऐसे विषय होते हैं जिन पर भी काम करना होता है । आज इस प्रदेश की प्रगति देखकर मालूम होता है कि इतने वर्षों में अच्छे काम हुए हैं और भविष्य के लिए भी काफी अच्छी संभावना है। कार्यक्रम की अध्क्षता डॉक्टर राघवेंद्र दुबे प्रांतीय अध्यक्ष तुलसी साहित्य प्रकाशन अकादमिक बिलासपुर ने की।

विशिष्ट अतिथि बोधराम कंवर पूर्व विधायक व संस्थापक महाविद्यालय हरदी बाजार तथा ज्योतिनंद दुबे पूर्व राज्य खाद्य आयोग थे। डॉक्टर गजेंद्र तिवारी , अजय दुबे शिक्षाविद के द्वारा भी कार्यक्रम में अपने विचार रखे गए। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र में विद्या के अलग जगाने और इसके विस्तार के लिए बीते वर्षों में किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। इससे पहले अतिथियों के द्वारा देवी सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और पूजा अर्चना के साथ संगोष्ठी का औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर बबलू राठौर सांसद प्रतिनिधि एवं संस्था के प्रभारी प्राचार्य डॉ अनिल पांडे सहित महाविद्यालय के समस्त स्टाफ तथा छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव पर श्रम विभाग कर रहा विशेष आयोजन

### विशेष शिविर में 200 से ज्यादा श्रमवीरों के बनाए गए श्रम कार्ड

बिलासपुर लोकशक्ति




। छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर श्रम विभाग द्वारा आयोजित दो विशेष श्रमिक पंजीयन शिविर में 105 नए श्रमिकों का पंजीयन एवं 53 पुराने श्रमिकों के कार्ड का नवीनीकरण किया गया। बिल्हा के ग्राम खैरा में आयोजित शिविर में 54 नए श्रमिक पंजीकृत कर उन्हें तत्काल नया श्रमिक कार्ड मौके पर ही वितरित किया गया। इस शिविर में 32 पुराने श्रमिकों के कार्ड का नवीनीकरण भी किया गया। इस क्रम में दूसरे शिविर का आयोजन मस्तुरी ब्लॉक के ठाकुरदेवा में किया गया जहां श्रम विभाग द्वारा 51 नए श्रमिक कार्ड और पुराने 21 श्रमिक कार्ड का नवीनीकरण किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में उपस्थित कामगारों को श्रम विभाग की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। सहायक श्रमायुक्त ज्योति शर्मा ने बताया कि बिलासपुर में आज 53 श्रमिकों का ई श्रम पंजीयन भी किया गया। महोत्सव के अवसर पर श्रम विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि आगामी 13 सितम्बर को तखतपुर विकासखण्ड के ग्राम मुरू और बिल्हा विकासखण्ड के ग्राम बरतोरी तथा 16 सितम्बर को कोटा विकासखण्ड ग्राम नवागांव सल्का में विशेष श्रमिक पंजीयन एवं नवीनीकरण शिविर आयोजित किया गया है। इस सिलसिले में 15 सितम्बर को बिलासपुर के बृहस्पति बाजार स्थित श्रम अन्न सहायता केन्द्र और 18 सितम्बर को सिरगिट्टी के जय दुर्गा एग्रो लिमिटेड परिसर में श्रमवीरों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित की गई है।

यह शिविर सवेरे 9 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी। उन्होंने बताया कि 17 सितम्बर को राजधानी रायपुर के इंडोर स्टेडियम में श्रमिक महासम्मेलन का आयोजन किया गया है। रजत महोत्सव के अंतर्गत मस्तुरी विकासखण्ड के ग्राम पचपेड़ी स्थित आईटीआई में इलेक्ट्रिशियन, डोमेस्टिक सॉल्यूशन ट्रेड में 30 प्रशिक्षणार्थियों का विशेष प्रशिक्षण सत्र शुरू किया गया है।

# मां ने नवजात को अस्पताल में छोड़ा, 26 दिन बाद चाइल्ड लाइन को सौंपा गया शिशु

बिलासपुर लोकशक्ति।

छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स) में जन्मे एक नवजात को उसकी मां अस्पताल में ही छोड़कर चली गई। करीब 26 दिन तक अस्पताल प्रशासन ने शिशु की देखभाल की, लेकिन जब कोई परिजन लेने नहीं आया तो आखिरकार उसे चाइल्ड लाइन को सौंप दिया गया।

### मामला कैसे सामने आया

जानकारी के अनुसार, 15 अगस्त 2025 को भरनीपरसदा सकरी निवासी कविता (20 वर्ष) को प्रसव के लिए सिम्स के महिला एवं प्रसूति विभाग में भर्ती किया गया। उसी दिन उसने पुत्र को जन्म दिया। 16 अगस्त को प्रसूता को छुट्टी दे दी गई। परिजन 24 अगस्त तक नवजात को देखने आते रहे, लेकिन उसके बाद अचानक आना बंद कर दिया। अस्पताल प्रशासन ने संपर्क के लिए दिए गए मोबाइल नंबरों पर कॉल की, परंतु वे भी गलत पाए गए।

**अस्पताल ने की देखभाल** शिशु को हृद्धष्ट वार्ड में भर्ती कर रखा गया, जहां डॉक्टर राकेश नाहरेल, समीर कुमार जैन, सलीम खलखो, मीनाक्षी ठाकुर, जायकिशोर और नर्सिंग टीम ने मिलकर उसकी देखभाल की।



**पुनर्वास की प्रक्रिया** संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक डॉ. लखन सिंह के निर्देश पर 11 सितंबर से शिशु के पुनर्वास की प्रक्रिया शुरू की गई। अंततः 13 सितंबर 2025 को बच्चे को चाइल्ड लाइन को सौंपा गया। इस अवसर पर चाइल्ड हेल्प लाइन प्रभारी चंद्रशेखर तिवारी, सुपरवाइजर आस्था सिंह व चंद्रप्रकाश श्रीवास, और सामाजिक कार्यकर्ता विकास साहू (सेवा भारती मातृछाया, बिलासपुर) मौजूद रहे।

**सिम्स प्रशासन का बयान**

सिम्स के अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति ने कहा कि, ÷नवजात को अस्पताल में समुचित उपचार और सुरक्षा प्रदान की गई। अब उसके उज्ज्वल भविष्य और पुनर्वास के लिए उसे चाइल्ड लाइन को सौंपा गया है, जहां उसकी उचित देखभाल सुनिश्चित होगी।÷

# कोरबा के पसान में घुसा दंतैल, तीन घंटे तक मचाया उत्पात





**कोरबा** कोरबा जिले की ग्राम पंचायत पसान में शनिवार रात अचानक एक दंतैल हाथी घुस आया। हाथी ने करीब तीन घंटे तक दुकानों, मकानों और वाहनों को नुकसान पहुंचाया। इस दौरान हाथी के पीछे जाने पर ग्रामीणों को उसने दौड़ा भी लिया। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ।

### ग्रामीणों में दहशत

हाथी के हमले से डरे-सहमे लोग अपने घरों की छतों पर चढ़ गए। कई लोग खतरे की परवाह किए बिना हाथी के साथ वीडियो और सेल्फी लेते नजर आए। वन विभाग ने चेतावनी दी है कि ऐसे जोखिम भरे प्रयास से गंभीर हादसा हो सकता था।

### वन विभाग की कार्रवाई

पसान के डिप्टी रेंजर ईश्वर दास मानिकपुरी ने बताया कि हाथी बस्ती में प्रवेश कर गया था, लेकिन वन अमले और ग्रामीणों की मदद से उसे जंगल की ओर खदेड़ दिया गया है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है।

## श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन में पहुंचे उपमुख्यमंत्री अरुण साव सहित कई विशिष्ट अतिथि, शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

**मुंगेली।** मुंगेली जिला पुलिस परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा के चौथे दिन का आयोजन भावपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, वरिष्ठ विधायक पन्नूलाल मोहले, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक एवं मुंगेली पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी गणमान्य अतिथियों ने अपने प्राणों की आहुति देकर देश और समाज की सेवा करने वाले शहीद एवं स्वर्गीय पुलिस जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके परिवारों के साथ खड़े रहने का संकल्प लिया।व्यास पीठ पर विराजमान महराज उमाकांत मिश्र जी एवं सूरज मिश्र जी द्वारा श्रीकृष्ण लीला एवं गोवर्धन पूजा की कथा का भावपूर्ण वाचन किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालुजन भावविभोर हो उठे। कथा में धर्म, भक्ति, कर्तव्य और बलिदान जैसे मूल्यों की व्याख्या करते हुए जीवन में सत्य, सेवा और समर्पण की राह पर चलने का संदेश दिया गया।मुंगेली पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने कहा कि पुलिस परिवार सदैव एक सुरक्षित और शांतिपूर्ण समाज के निर्माण में समर्पित है। ऐसे धार्मिक आयोजनों के माध्यम से हम अपने वीर शहीदों की स्मृति को सजीव रखते हैं और उनके परिवारों के साथ निरंतर खड़े रहते हैं।

श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के माध्यम से उपस्थित श्रद्धालुओं ने सकाम कर्म, निष्काम कर्म, भक्ति, ज्ञान, सिद्धि और मर्यादा जैसे तत्वों की महत्ता को जाना। आयोजन में पुलिस अधिकारी-कर्मचारी, उनके परिजन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित हुए और भजन-कीर्तन में भाग लेकर अध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो गए। इस धार्मिक आयोजन के सफल संचालन हेतु व्यास पीठ पर विराजमान महापुरुषों के प्रति आभार व्यक्त किया गया, जिनके मार्गदर्शन में यह ज्ञान यज्ञ प्रेरणादायी और सफल बना।

## साइंस कॉलेज मैदान में युवक की संदिग्ध मौत, शरीर पर मिले चोट के निशान

**रायपुर।** राजधानी के साइंस कॉलेज मैदान में शनिवार सुबह एक अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव मिलने की सूचना पर सरस्वती नगर थाना पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। मृतक के शरीर पर कई चोटों के निशान पाए गए हैं, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है।



शनिवार सुबह स्थानीय लोगों ने साइंस कॉलेज मैदान में एक युवक का शव पड़ा देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची टीम ने पाया कि युवक के शरीर पर गंभीर चोटों के निशान हैं। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है, लेकिन अनुमान है कि उसकी उम्र लगभग 30 से 35 वर्ष के बीच होगी।

मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने और प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि *शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है* और रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों की पुष्टि हो सकेगी।

## शेयर बाजार में मोटे मुनाफे का झांसा देकर ट्रांसपोर्ट कारोबारी से 71.50 लाख की ठगी, दो महिलाओं पर शक




**रायपुर।** राजधानी रायपुर के एक ट्रांसपोर्ट कारोबारी डाकेश्वर सिंह से सोशल मीडिया के जरिए दो अलग-अलग महिलाओं ने शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 71.50 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी कर ली। यह पूरा मामला धीरे-धीरे शुरू हुआ, पहले भरोसा दिलाया गया, फिर धीरे-धीरे लाखों रुपये की रकम हड़प ली गई। फिलहाल सरस्वती नगर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

डाकेश्वर सिंह, जो कि कोटा (रायपुर) निवासी हैं और ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से जुड़े हैं, उन्हें जून में सोशल मीडिया पर एक युवती श्रेया अग्रवाल की फ्रेंड रिक्वेस्ट मिली। बातचीत बढ़ने लगी और युवती ने खुद को शेयर मार्केट से जुड़ा बताया। उसने बड़े मुनाफे वाले ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म की जानकारी दी और कुछ फर्जी स्क्रीनशॉट भी भेजे ताकि भरोसा बन सके।

श्रेया ने डाकेश्वर को एक व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़ा, जहां निवेश के जरिए मोटा लाभ होने की बात कही गई। झांसे में आकर डाकेश्वर ने 2 से 15 जुलाई के बीच अलग-अलग किश्तों में 19.50 लाख रुपये निवेश कर दिए। ऐप में मुनाफा करीब 78 लाख रुपये दिखाया गया। लेकिन जब कारोबारी ने पैसे निकालने की कोशिश की, तो टैक्स भरने की बात कहकर रोका गया। यहीं से उन्हें शक हुआ कि यह एक ठगी है। पहली ठगी से उबर भी नहीं पाए थे कि कुछ दिन बाद सोशल मीडिया पर ही आराध्या अग्रवाल नाम की एक अन्य युवती से उनकी बातचीत शुरू हुई। उसने पहले हुई ठगी के बारे में सुनकर सहानुभूति जताई और कहा कि उसका ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म भरोसेमंद है। युवती ने कारोबारी को पहले पांच लाख रुपये निवेश करने को कहा और फिर जल्दी ही छह लाख रुपये वापस भी भेजे। इससे डाकेश्वर को लगा कि यह प्लेटफॉर्म असली है। इसके बाद आराध्या ने फर्जी ऑनलाइन कॉन्ट्रैक्ट साइन करवाया और 2 से 31 अगस्त के बीच अलग-अलग खातों में कुल 52 लाख रुपये जमा करवा लिए। जब कारोबारी ने रकम वापस मांगी तो टैक्स और पेनाल्टी का बहाना बना कर पैसे देने से टालते रहे। आखिरकार, डाकेश्वर सिंह को समझ में आ गया कि वह दूसरी बार भी साइबर ठगों का शिकार हो चुके हैं। इसके बाद उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

सरस्वती नगर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और सोशल मीडिया अकाउंट्स व बैंक खातों के आधार पर जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि इस तरह की ठगी में संगठित गिरोह काम कर रहे हैं, जो पहले छोटी रकम लौटाकर भरोसा बनाते हैं और फिर मोटी रकम ऐंठ लेते हैं।

# शिक्षा मंत्री बोले- एक ही टेंडर से हो पुस्तकों की छपाई और परिवहन

### विभागीय समीक्षा में कार्यों को मंत्री जल्द पूरा करने के निर्देश

**रायपुर ।** स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी कार्य मंत्री गजेंद्र यादव नें विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने कहा, पाठ्य पुस्तक निगम द्वारा पुस्तकों की छपाई से लेकर परिवहन तक एक ही टेंडर के माध्यम से करने के निर्देश दिए ताकि समय कर राशि की बचत हो।



बैठक में शिक्षकों की कमी को दूर करने के मुद्दे पर मंत्री यादव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी शैक्षणिक सत्र से पहले 5000 शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ की जाए। उन्होंने यह भी कहा, शिक्षकों एवं जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति को ऑनलाइन एवं परिसर स्तर पर अनिवार्य रूप से दर्ज किया जाए, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा, राजपत्रित अधिकारियों की भर्ती लोक सेवा आयोग (पीएससी) के माध्यम से की जाएगी।

एससीईआरटी के माध्यम से प्रशिक्षण

पाठ्यपुस्तक वितरण की प्रगति की समीक्षा करते हुए मंत्री यादव ने कहा , यह स्पष्ट किया जाए कि अभी कितने स्थानों पर पुस्तक वितरण शेष है और कितनी अतिरिक्त मांग बची हुई है। उन्होंने कहा, विभागीय कार्यों में स्पष्टता होनी चाहिए और हर कार्य उसकी जिम्मेदार संस्था के माध्यम से ही किया जाए। समस्त प्रशिक्षण कार्यक्रम अब एससीईआरटी के माध्यम से अनिवार्य रूप से संचालित होंगे।

**भवन बनाने के बजट का हो पूरा उपयोग :** बैठक में भवनविहीन स्कूलों की स्थिति की जानकारी, उन्हें फुल फर्निश्ड स्कूलों के रूप में विकसित करने के लिए आवश्यक व्यय तथा तदर्थ स्कूलों की राशि पर भी विस्तृत चर्चा हुई। मंत्री ने कहा कि बजट का पूरा उपयोग सुनिश्चित किया जाए और राशि लैप्स न हो, इसके लिए अभी से कार्ययोजना तैयार की जाए।

### फिंगेश्वर में स्कूल मर्जर के विरोध में छात्राओं ने किया चक्काजाम, अलग स्कूल की मांग पर अड़ीं

**गरियाबंद ।** फिंगेश्वर-महासमुंद मुख्य मार्ग शनिवार को उस समय अवरुद्ध हो गया जब फिंगेश्वर कन्या शाला की छात्राओं ने स्कूल मर्जर के खिलाफ सड़क पर बैठकर चक्काजाम कर दिया। छात्राएं स्कूलों के एकीकरण के फैसले से नाराज़ हैं और इसे तुरंत रद्द करने की मांग कर रही हैं। छात्राओं का कहना है कि कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को पास ही स्थित बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के साथ मिला दिया गया है, जिससे अब उन्हें लड़कों के साथ एक ही परिसर में पढ़ाई करनी पड़ेगी। उनका कहना है कि वे ऐसा नहीं चाहतीं, क्योंकि कुछ लड़के अनुशासनहीनता और उपद्रव करते हैं, जिससे पढ़ाई का माहौल खराब होता है। इससे पहले गुरुवार को भी छात्राओं का एक प्रतिनिधिमंडल कलेक्टोरेट पहुंचा था और कलेक्टर से मिलने की कोशिश की थी, लेकिन अधिकारी ने उनसे मुलाकात नहीं की। इस बेरुखी से नाराज छात्राओं ने शनिवार को मुख्य सड़क पर बैठकर विरोध जताया और कहा कि जब तक स्कूल को फिर से अलग नहीं किया जाएगा, उनका आंदोलन जारी रहेगा। शिक्षा विभाग ने युक्तियुक्तकरण नीति के तहत यह मर्जर किया है। जानकारी के अनुसार, फिंगेश्वर की कन्या स्कूल में 425 छात्राएं पढ़ती थीं, जबकि बालक स्कूल में केवल 225 छात्र थे। दोनों स्कूलों को एकीकृत कर संसाधनों के बेहतर उपयोग का दावा किया गया है। केवल छात्राएं ही नहीं, बल्कि उनके अभिभावक और विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य भी इस फैसले के खिलाफहैं। उनका कहना है कि कन्या शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अलग स्कूल जरूरी है, ताकि छात्राएं सुरक्षित और स्वाभाविक माहौल में पढ़ाई कर सकें।

## छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने दुष्कर्म मामले में युवक को किया बरी

**रायपुर/बिलासपुर ।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने महासमुंद जिले के एक युवक को 2005 में दर्ज दुष्कर्म और धमकी के मामले में बरी कर दिया है। न्यायमूर्ति सचिन सिंह राजपूत की एकलपीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा कि अभियोजन पक्ष यह साबित करने में असफल रहा कि आरोपी ने अपराध किया था। न्यायालय ने इस आधार पर आरोपी को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया।

हाईकोर्ट ने कहा कि पीड़िता की गवाही में कई गंभीर विसंगतियां पाई गईं। एफआईआर में जहां कई बार दुष्कर्म की बात कही गई थी, वहीं अदालत में केवल एक ही घटना का जिक्र किया गया। मेडिकल जांच में न गर्भपात के संकेत मिले और न ही यह प्रमाणित हो पाया कि गर्भवती होना कथित अपराध का ही परिणाम था। इसके साथ ही शिकायत दर्ज कराने में करीब सात महीने की देरी हुई, जिसका कोई ठोस कारण नहीं बताया गया।

पीड़िता और आरोपी के परिवार के बीच पुरानी रंजिश भी सामने आई, जिसे अदालत ने मामले में महत्वपूर्ण माना। कोर्ट ने कहा कि ऐसे मामलों में अगर संदेह बना रहता है, तो आरोपी को उसका लाभ मिलना ाहिए।

घटना का विवरण

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, बसना थाना क्षेत्र की एक 18 वर्षीय युवती, जो दोनों पैरों से पोलियो पीड़ित थी, जनवरी 2005 से पहले अपने घर में अकेली थी।

## आधे शहर को नहीं मिला पीने का पानी, भाठागांव में यातायात का लगा लंबा जाम

### भाठागांव राइजिंग प्लांट में मरम्मत सुधार एवं मरम्मत का कार्य जारी

### लीकेज हुआ ट्रेस आउट शाम तक होगा पूरा कार्य

**रायपुर ।** शहर में जहां अनबरत वर्षा से परेशान है वहीं भाठागांव के फिल्टर प्लांट में आई खराबी के कारण आज आधे शहर में जल की आपूर्ति नहीं हो पाई जिसके कारण राजधानी में सुबह से ही पानी के लिए लोग परेशान रहे। वहीं रिंग रोड में लंबा जाम लगने से यातायात प्रभावित हुआ। बाहर से आने जाने वालों को संतोष नगर के रास्ते से होकर आना पड़ा। राजधानी के आधे शहर को आज पानी की आपूर्ति नहीं हो पाई। पिछले दिनों जोन क्रमांक 5 के अंतर्गत ईदगाह भाठा टंकी में आई तकनीकी खराबी के कारण, विभिन्न वार्डों में पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। जिससे लोग परेशान है। मिली जानकारी के अनुसार भाठागांव चौक के पास पाइप लाइन की मरम्मत एवं सुधार का कार्य होने के कारण आज राजधानी के 28 पानी टंकियों तथा 80 एमएलडी पानी भरने वाली में पानी की आपूर्ति नहीं हो पाई है। जिसके कारण कुल 32 से अधिक पानी टंकियों में जल आपूर्ति प्रभावित हुई है। नगर निगम के अनुसार आज सुबह राइजिंग मेन पाइप लाइन में लीकेश पाइप के ट्रेस होते ही लिकेज एवं मरम्मत का कार्य प्रारंभ किया गया जो कि प्रगति पर है। इसके पश्चात 32 पानी जलटंकियों का जलभराव किया गया। आज राजधानी के भाठागांव के पास मरम्मत एवं सुधार का कार्य चल रहा है। जिसके कारण अब 14 सितंबर को सुबह जल प्रवाह सामान्य होगा। आज राजधानी के ईदगाहभाठा, कबीर नगर, डीडी नगर तथा गुढ़ियारी सहित अन्य स्थानों पर पानी की आपूर्ति नहीं हो पाई है। जिसके कारण लोग परेशान रहे।भाठागांव फिल्टर प्लांट के पास निर्माण एवं मरम्मत कार्य होने के कारण आज यातायात प्रभावित हुआ। जिसके कारण दूर जाने वाले लोगों को बहुत परेशानी हुई।



राजधानी से भिलाई की ओर आने जाने वाले को यातायात जाम होने से काफी परेशानी होना पड़ा। नगर निगम सूत्रों के अनुसार फिल्टर वाटर प्लांट में सुधार कार्य शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा। लोगों को संतोषी नगर से होकर आना पड़ा। ज्ञात रहे जोन क्रमांक पांच की टंकी में भी गत दिनों तकनीकी खराबी आ गई थी जिसके कारण डंगनिया डीडी नगर लाखेनगर, लक्ष्मीनारायण दास वार्ड एवं हनुमान नगर, चंद्रशेखर नगर में जल आपूर्ति प्रभावित हुआ। नगर निगम के कार्यपालन अभियंता फनेंद्र ने बताया कि पिछले कई दिनों से पाइप लाइन में लीकेज था लेकिन यह ट्रेस नहीं हो रहा था हमने बीती रात को फिल्टर प्लांट से पानी दिया है ताकि लोगों को सुबह पानी मिल सके। आज सुबह से ही लीकेज ट्रेस आउट हो गया। जिसके कारण सुधार का कार्य जारी है। यह दोपहर तक पूरा हो जाएगा।

## मोबाईल दुकान में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले 2 आरोपी एक अपचारी बालक

रायपुर। थाना आरंग क्षेत्रांतर्गत बस स्टैण्ड पास स्थित प्रार्थी के शुभकामना मोबाईल दुकान को बनाये थे अपना निशाना। विभिन्न कंपनियों के मोबाईल फोन किये थे चोरी। घटना में संलिप्त है विधि के साथ संघर्षरत 01 बालक। एन्टी क्राइम एंड साइबर यूनिट तथा थाना आरंग पुलिस की संयुक्त कार्यवाही। आरोपियों/अपचारी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की विभिन्न कंपनियों के कुल 14 नग मोबाईल फोन तथा घटना में प्रयुक्त स्प्लेण्डर मोटर सायकल किया गया है जप्त। जप्त मशरूका की कुल कीमत है लगभग 2,20,000/- रूपये। आरोपियों/अपचारी के विरूद्ध थाना आरंग में अपराध क्रमांक 384/25 धारा 331(4), 305(ए) बी.एन.एस. का अपराध किया गया है पंजीबद्ध।

प्रार्थी यशवंत साहू ने थाना आरंग में रिपोर्ट दर्ज कराया कि आरंग क्षेत्रांतर्गत बस स्टैण्ड पास स्थित हनुमान मंदिर के पीछे उसका शुभकामना नाम से मोबाईल दुकान है, कि कोई अज्ञात चोर दिनांक 04-05.07.25 की दरम्यानी रात्रि कोई अज्ञात चोर प्रार्थी के मोबाईल दुकान के शटर में लगे ताला तोड़कर अंदर प्रवेश कर दुकान में रखें विभिन्न कंपनियों के मोबाईल फोन चोरी कर ले गया था, कि प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी विरूद्ध थाना आरंग में अपराध क्रमांक 384/25 धारा 331(4), 305(ए) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध किया गया। चोरी की उक्त घटना को पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय डॉ. लाल उमेद सिंह द्वारा गंभीरता से लेते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवा रायपुर श्री विवेक शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक क्राईम श्री संदीप मित्तल, उप पुलिस अधीक्षक क्राईम श्री संजय सिंह, नगर पुलिस अधीक्षक नवा रायपुर श्री कर्ण कुमार उके, प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी आरंग को अज्ञात आरोपी की पतासाजी कर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना आरंग पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर घटना के संबंध में प्रार्थी सहित आसपास के लोगों से विस्तृत पूछताछ कर अज्ञात आरोपी की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल व उसके आसपास लगे सी.सी.टी.व्ही. कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करने के साथ ही प्रकरण में मुखबीर लगाये गये। हाल ही में जेल से रिहा हुये चोरी के आरोपियों के संबंध में भी जानकारी एकत्र करने के साथ ही चोरी के पुराने आरोपियों के संबंध में भी जानकारी एकत्र कर उनकी गतिविधियों पर निगाह रखीं जा रहीं थी।

# मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव ने नक्सल प्रभावित जिलों में विकास कार्यों की समीक्षा की

### विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोरःगांव-गांव तक योजनाओं की पहुँच सुनिश्चित करने के निर्देश

**रायपुर ।** मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह ने आज मंत्रालय महानदी भवन में राज्य के नक्सल प्रभावित जिलों में विकास कार्यों की समीक्षा की। बैठक में बस्तर, सुकमा, दक्षिण बस्तर, दंतेवाड़ा, उत्तर बस्तर कांकेर, नारायणपुर, कोंडागांव, बीजापुर, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी और गरियाबंद जिलों में हितग्राही मूलक कार्यक्रमों और योजनाओं की समीक्षा की गई। प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह ने नक्सल प्रभावित जिलों में मनरेगा, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, उज्ज्वला योजना, जनधन खाता, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, आधार कार्ड सहित अन्य हितग्राही मूलक कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि एलडब्ल्यूई प्रभावित जिलों में लगभग 99 प्रतिशत से अधिक लोगों का आधार पंजीकरण पूरा कर लिया गया है। इसी प्रकार लगभग 28 लाख 18 हजार 616 किसानों का प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत पंजीकरण कर उन्हें योजना का लाभ दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत 26 लाख 21 हजार 491 हितग्राहियों के बैंक खाते खोले गए हैं। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 35 लाख 66 हजार 409 हितग्राहियों को गंभीर बीमारियों के उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। ग्रामीण इलाकों में मोबाइल कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए मोबाइल टावर स्थापित किए जा रहे हैं। क्षेत्र में लोगों को अधिक से अधिक बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु विभिन्न बैंकों और डाकघरों की शाखाएं खोली जा रही हैं। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत सभी पात्र हितग्राहियों को नियमित रूप से खाद्यान्न उपलब्ध कराने के लिए राशन कार्ड बनाए गए हैं। बैठक में प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह ने निर्देशित किया कि क्षेत्र के सभी पात्र मनरेगा हितग्राहियों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु उनका जॉब कार्ड अवश्य प्रदान किया जाए। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत सभी आवासों का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा किया जाए



## अंडा ठेला लगाने वाले दो भाइयों के खाते में पहुंची 80 लाख की ठगी की रकम, यूपी पुलिस ने उठाया

दुर्ग। शहर में उस वक्त हड़कंप मच गया जब सुभाष चौक से अंडा ठेला लगाने वाले दो सगे भाई अचानक लापता हो गए और अफवाह फैल गई कि उनका अपहरण हो गया है। लेकिन बाद में सामने आया कि यह अपहरण नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश पुलिस की कार्रवाई थी, जो बिना स्थानीय पुलिस को सूचना दिए चुपचाप उन्हें गिरफ्तार कर ले गई थी। छावनी थाना क्षेत्र के सुभाष चौक पर अंडा रोल ठेला लगाने वाले शुभम साव (27) और विष्णु कुमार साव (31) को गुरुवार रात करीब 8 बजे एक कार में आए छह लोगों ने अचानक उठाकर ले जाया। घटना इतनी तेजी से हुई कि आसपास के लोग कुछ समझ नहीं पाए। दोनों भाइयों के मोबाइल भी बंद हो गए, जिससे अपहरण की आशंका गहराने लगी। परिजनों ने पुलिस में शिकायत की और शहर में यह चर्चा फैल गई कि दोनों भाई अगवा कर लिए गए हैं। छावनी पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं तहत जांच शुरू कर दी। लेकिन शुक्रवार शाम को सच्चाई सामने आई जब उत्तर प्रदेश के अंबेडकर नगर जिले की पुलिस ने छावनी पुलिस और परिवार को जानकारी दी कि दोनों भाइयों को उन्होंने गिरफ्तार किया है। जांच में पता चला कि उत्तर प्रदेश के अंबेडकर नगर में दर्ज एक ठगी के मामले में दोनों भाइयों की भूमिका सामने आई है। पुलिस के अनुसार, वहां करीब 30 से 40 बेरोजगार युवाओं को विदेश में नौकरी दिलाने, वीजा और पासपोर्ट बनवाने का झांसा देकर करीब 80 लाख रुपये की ठगी की गई थी। जांच में पाया गया कि यह रकम अलग-अलग किश्तों में शुभम और विष्णु के बैंक खातों में भेजी गई थी। इस सूचना के आधार पर अंबेडकर नगर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों भाइयों को हिरासत में लिया, लेकिन इस दौरान दुर्ग पुलिस को कोई पूर्व सूचना नहीं दी गई। इस वजह से पूरी घटना अपहरण जैसी प्रतीत हुई और पुलिस को भी गलत दिशा में जांच शुरू करनी पड़ी।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक प्रेमेन्द्र अग्रवाल द्वारा अस्मा पब्लिशर्स इण्डिया प्राईवेट लि.,जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित कर तथा 5/756 रामसागरपारा, सिंधी स्कूल के पीछे, स्टेशनरी हाऊस, रायपुर 492001 (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक प्रेमेन्द्र अग्रवाल ।
www.lokshakti.in, lokshaktidaily@gmail.com, twitter.com/lokshaktidaily, facebook.com/lokshaktidaily कार्यकारी संपादक : राजेश अग्रवाल (किसी भी विवाद पर न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा)